RNI No. RJBIL/26/A5611

जयपुर, राजस्थान मौसम
अधिकतम 34.0°C | न्यूनतम 26.0°C
सूर्योदय 6:09 AM | सूर्यास्त 6:41 PM

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

# दैनिक ज़ूम न्यूज़ राजस्थान

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

वर्ष: 01 | अंक: 59 | पृष्ठ: 8 | मूल्य: ₹2.00 | जयपुर, शनिवार 12 सितंबर, 2026 | जयपुर, राजस्थान | राज्य: 01 | अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक)


## नागालैंड के सीएम रियो और डिप्टी सीएम पैटन ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की

जूम न्यूज़

नई दिल्ली। नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो और उपमुख्यमंत्री यानथुंगो पैटन ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और राज्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस संबंध में अधिकारियों ने जानकारी दी। मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, 'हमने गृह मंत्री शाह से मुलाकात की और नागालैंड की विकास संबंधी आकांक्षाओं को तेजी से पूरा करने के लिए उनके हस्तक्षेप और समर्थन का अनुरोध किया। नागालैंड की प्रगति और विकास के लिए उनके निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन के लिए हम आभारी हैं।' उपमुख्यमंत्री पैटन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'नई दिल्ली में मुख्यमंत्री डॉ. नेफ्यू रियो के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। हमने नागालैंड से जुड़े मामलों पर सार्थक चर्चा की, जिसमें राज्य की विकास प्राथमिकताएं और हमारे लोगों का कल्याण और उनकी आकांक्षाएं शामिल थीं। नागालैंड के प्रति समय देने और निरंतर ध्यान बनाए रखने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री का आभार।'

# लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने लाइन में लगकर किया मतदान, बोले- जनता की भागीदारी से लोकतंत्र होता है मजबूत



जूम न्यूज़

कोटा। नगर निगम चुनाव में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को वार्ड नंबर 83 में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उनका मतदान केंद्र घर से कुछ दूरी पर स्थित स्प्रिंग डेल्स स्कूल में था। बिरला घर से पैदल अकेले मतदान केंद्र पहुंचे, हालांकि उनके साथ पुलिस जाप्ता और सुरक्षा स्टाफ मौजूद रहा। उन्होंने अन्य मतदाताओं के साथ कतार में लगकर मतदान किया। मतदान केंद्र पर बिरला ने लाइन में खड़े लोगों से बातचीत की और मतदान में लग रहे समय के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि मतदाता कितनी देर से कतार में हैं और मतदान प्रक्रिया में कितना समय लग रहा है। इस दौरान उन्होंने युवा मतदाताओं से भी बातचीत की। मतदान के बाद मीडिया से बातचीत में बिरला ने कहा कि मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त बनाता है। लोकतंत्र में जनता की जितनी अधिक भागीदारी होगी, लोकतांत्रिक संस्थाएं उतनी ही मजबूत, उत्तरदायी और जवाबदेह होंगी। उन्होंने प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक और सक्रिय रूप से मतदान करने की अपील की। बिरला ने कहा कि पंचायत राज, विधानसभा और लोकसभा की तरह नगरीय निकाय भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदेशभर में मतदाता अधिकतम मतदान करेंगे, ताकि उनके चुने हुए जनप्रतिनिधि क्षेत्र की समस्याओं, कठिनाइयों, अधिकारों और जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से उठा सकें। मतदान के दौरान ओम बिरला ने आम मतदाताओं की तरह अपनी बारी का इंतजार किया।

उन्होंने मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया और वहां मौजूद मतदाताओं से बातचीत कर उनके अनुभव के बारे में जानकारी ली।

युवा मतदाताओं से बातचीत के दौरान उन्होंने उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। बिरला ने कहा कि मतदान केवल प्रतिनिधि चुनने का माध्यम नहीं, बल्कि नागरिकों की लोकतांत्रिक जिम्मेदारी भी है। स्थानीय निकायों के चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी सीधे तौर पर शहर और वार्ड से जुड़े मुद्दों को प्रभावित करती है। सड़क, सफाई, जल निकासी, पेयजल और अन्य स्थानीय सुविधाओं को लेकर चुने गए प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती के लिए जरूरी है कि मतदाता बिना किसी दबाव के अपने विवेक से मतदान करें। अधिक मतदान से जनता की भागीदारी बढ़ती है और चुने हुए प्रतिनिधियों के प्रति जवाबदेही की भावना भी मजबूत होती है।

मतदान केंद्र पर युवाओं की भागीदारी को लेकर भी बिरला ने सकारात्मक रुख जताया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाए तो इससे स्थानीय शासन व्यवस्था को नई दिशा मिल सकती है। मतदान के साथ-साथ नागरिकों को अपने क्षेत्र की समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए।

नगर निगम चुनाव में मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी बनाए रखी गई। बिरला के मतदान केंद्र पहुंचने के समय पुलिस और सुरक्षा कर्मी उनके साथ मौजूद रहे, जबकि उन्होंने अन्य मतदाताओं के साथ कतार में खड़े होकर मतदान किया। बिरला की अपील के बाद अब चुनाव प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी और मतदान के महत्व को लेकर चर्चा जारी है।

## लंपी रोग की रोकथाम के लिए समयबद्ध एवं प्रभावी कदम उठाएं: विकास सीतारामजी भाले




जूम न्यूज़

जयपुर। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश में लंपी स्किन डिजीज की स्थिति की समीक्षा एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए शुक्रवार को पशुपालन विभाग के प्रमुख शासन सचिव विकास सीतारामजी भाले की अध्यक्षता में पशुधन भवन स्थित राजस्थान राज्य पशुधन विकास बोर्ड के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंपी रोग की वर्तमान स्थिति, प्रभावित क्षेत्रों में किए जा रहे सर्वेक्षण, टीकाकरण तथा उपचार व्यवस्था की समीक्षा की गई। प्रमुख शासन सचिव ने अधिकारियों को रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक कदम प्रभावी एवं समयबद्ध रूप से उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में पशुपालकों को रोग के लक्षण, बचाव एवं उपचार के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए तथा पशु चिकित्सा संस्थाओं के माध्यम से आवश्यक चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन जिलों में अभी तक लंपी के केस नहीं आए हैं उन जिलों को फोकस करते हुए ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे वहां रोग का प्रकोप नहीं फैले। भाले ने अधिक से अधिक प्रचार प्रसार के माध्यम से जिलों में पशुपालकों में रोग के प्रति जागरूकता फैलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। प्रमुख शासन सचिव भाले ने चिकित्साधिकारियों को घर घर जाकर बीमार पशुओं के सर्वेक्षण के निर्देश दिए।

## श्रीलंका ने पाकिस्तान को 4 विकेट से रौंदा कर फाइनल में बनाई जगह, अब रविवार को भारत से होगा महामुकाबला



जूम न्यूज़

नई दिल्ली। महिला एशिया कप 2026 का दूसरा सेमीफाइनल मैच पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच दुबई में खेला गया। शुक्रवार (11 सितंबर) को हुए मुकाबले में श्रीलंका ने पाकिस्तान को 4 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। श्रीलंका की खराब शुरुआत हुई है थी लेकिन उसने अच्छा कमबैक किया और पाकिस्तान को धूल चटा दिया। अब दुबई में रविवार (12 सितंबर) को भारत और श्रीलंका के बीच टूर्नामेंट का खिताबी मैच खेला जाएगा।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पाकिस्तान को बल्लेबाजी करने का न्योता दिया था। उसने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 130 रन बनाए थे। टीम की लिए कप्तान फातिमा सना ने 36 गेंदों में 4 चौके और 2 छक्के लगाकर 47 रनों की पारी खेली थी। शावाल जुल्फिकार ने 16 गेंदों में 24 रन, गुल फिरोजा ने 32 गेंदों में 21 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका ने 18.4 ओवर में 6 विकेट खोकर चेज कर लिया।

श्रीलंका टीम - इमेशा दुलानी, चमारी अटापट्टू (कप्तान), संजना कविंदी, हर्षिता समरविक्रमा, हासिनी परेरा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षिका सिल्वा, कौशानी नुथ्यांगना (विकेटकीपर), सुगंधिका कुमारी, चामुदी प्रबोदा, मिताली अयोध्या।

पाकिस्तान टीम - मुनीबा अली (विकेटकीपर), शावाल जुल्फिकार, गुल फिरोजा, आयशा जफर, सदफ शमास, फातिमा सना (कप्तान), एमान फातिमा, तुबा हसन, उम्म-ए-हानी, नशरा संधू, सादिया इकबाल। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की शुरुआत भी आसान नहीं रही और टीम ने शुरुआती विकेट गंवाए। हालांकि, बल्लेबाजों ने दबाव में संयम बनाए रखा और साझेदारियों के जरिए पारी को संभाला।

## अबू धाबी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन जायद भी पहुंचे नई दिल्ली

जूम न्यूज़

नई दिल्ली। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान शुक्रवार को 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए नई दिल्ली पहुंचे। उनका हवाई अड्डे पर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने गर्मजोशी से स्वागत किया। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, '18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का हार्दिक स्वागत है। हवाई अड्डे पर राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने उनका स्वागत किया।' मंत्रालय ने आगे कहा कि यह यात्रा साझा समृद्धि के लिए मजबूत व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा पर केंद्रित भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने का अवसर होगी। इससे पहले मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचे।

# जयपुर नगर निगम में मतदान का रिकॉर्ड टूटा, समय खत्म होने के बाद भी कतार में खड़े मतदाताओं ने डाले वोट



जूम न्यूज़

जयपुर। जयपुर नगर निगम चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान शाम 6 बजे निर्धारित समय पर समाप्त हुआ। समय पूरा होने के बाद मतदान केंद्रों के मुख्य द्वार बंद कर दिए गए, लेकिन अंदर कतार में खड़े मतदाताओं को वोट डालने का अवसर दिया गया। इसके लिए निर्वाचन आयोग की ओर से टोकन व्यवस्था की गई। इस बार जयपुर नगर निगम में रिकॉर्ड 63.55 प्रतिशत मतदान हुआ और 723 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। आमेर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 148 के भाग संख्या 6 और 7 में निर्धारित समय खत्म होने के बाद भी 150 से अधिक मतदाता मतदान के लिए कतार में मौजूद थे। मतदान केंद्र का मुख्य द्वार बंद करने के बाद निर्वाचन आयोग की टीम ने कतार में खड़े मतदाताओं को टोकन जारी किए। टोकन के आधार पर एक-एक कर मतदान कराया गया और यह प्रक्रिया करीब शाम 7 बजे तक चली। निर्धारित समय समाप्त होने के बाद नए मतदाताओं के प्रवेश को रोकने के लिए केंद्रों के गेट बंद कर दिए गए थे। हालांकि, पहले से कतार में मौजूद मतदाताओं का मतदान पूरा होने तक प्रक्रिया जारी रही। निर्वाचन आयोग की टीम ने पूरी व्यवस्था की निगरानी की। जयपुर नगर निगम के 150 वार्डों में इस बार 63.55 प्रतिशत मतदान हुआ, जो अब तक का सर्वाधिक है। इससे पहले 2014 के चुनाव में करीब 60 प्रतिशत मतदान हुआ था। शुक्रवार को हुए मतदान में 24 लाख 33 हजार 198 पंजीकृत मतदाताओं में से 15 लाख 46 हजार 193 ने वोट डाला। विधानसभा क्षेत्रों में आमेर 81.45 प्रतिशत मतदान के साथ सबसे आगे रहा, जबकि सिविल लाइंस में सबसे कम 57.28 प्रतिशत मतदान हुआ। अन्य क्षेत्रों में विद्याधर नगर 63.32, झोटवाड़ा 64.39, सांगानेर 57.85, बगरू 61.87, मालवीय नगर 57.86, किशनपोल 67.44, आदर्श नगर 72.20 और हवामहल में 68.85 प्रतिशत मतदान हुआ। जयपुर नगर निगम में मतदान प्रतिशत का रिकॉर्ड 1994 में 33.96, 1999 में 37.15, 2004 में 41.30, 2009 में 51.80, 2014 में 60, 2020 में 58.15 और 2026 में 63.55 प्रतिशत रहा। नगर निगम के 150 वार्डों में चुनाव लड़ रहे 723 प्रत्याशियों का फैसला अब 14 सितंबर को होने वाली मतगणना से होगा। सीकर रोड स्थित श्री भवानी निकेतन कॉलेज ऑफ फार्मेसी में मतगणना की जाएगी। ईवीएम को सुरक्षित रखने के लिए वहीं स्ट्रांग रूम बनाया गया है। मतदान समाप्त होने के बाद सभी ईवीएम को निर्धारित प्रक्रिया के तहत स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है और निगरानी व्यवस्था भी रखी गई है। प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की नजर अब मतगणना पर है, जहां ईवीएम खुलने के साथ ही वार्डवार चुनाव परिणाम सामने आएंगे।

## ब्रिक्स 2026 की मेजबानी पर एक्सपर्ट ने कहा- भारत अब किसी के प्रभाव में नहीं

जूम न्यूज़

नई दिल्ली। भारत में आयोजित हो रहे 'ब्रिक्स समिट- 2026' को लेकर वैश्विक स्तर पर हलचल तेज है। जहां एक्सपर्ट्स इसे भारत के लिए गर्व का क्षण और 'वसुधैव कुटुंबकम' का विस्तार बता रहे हैं, वहीं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत पहुंचने से रक्षा और रणनीतिक साझेदारी पर बड़ी उम्मीदें जगी हैं। इसी बीच कनाडा ने भारत को क्रिटिकल मिनरल्स के लिए भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता के तौर पर समर्थन देने और 'सुरक्षा द्वीप' बनने की बात कही है। रेवेल एनर्जी के मैनेजिंग डायरेक्टर और फाउंडर, कर्नल (रिटायर्ड) रोहित देव ने कहा, 'ब्रिक्स 2026 की मेजबानी हम कर रहे हैं और ये गर्व की बात है। इस दौर में भारत किसी के प्रभाव में नहीं है। यह पहले हो सकता था, लेकिन अब नहीं। लोग हमसे जुड़ें, जो 'वसुधैव कुटुंबकम' से मेल खाता है।'

# वैश्विक व्यापार से US बैन तक..., PM मोदी-पुतिन और पेजेश्कियान की बैठक से ट्रंप को बड़ा मैसेज



जूम न्यूज़

नई दिल्ली। दिल्ली में शुक्रवार को ब्रिक्स सम्मेलन की शुरुआत से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने ब्रिक्स बिजनेस फोरम के लीडर्स सेशन की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान बैठक में पीएम मोदी, रूसी राष्ट्रपति पुतिन और ईरानी राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने वैश्विक व्यापार से लेकर अमेरिकी प्रतिबंध के मुद्दे को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सख्त मैसेज दिया है। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक व्यापार के लिए सुरक्षित समुद्री रास्तों और सप्लाई रूट्स के महत्व पर फोकस किया। उन्होंने कहा, 'वैश्विक व्यापार में प्रगति तभी मुमकिन है, जब समुद्री रास्ते सुरक्षित हों, सप्लाई रूट्स खुले रहें और सारे नाविक सुरक्षित हों।

इसीलिए भारत फ्रीडम ऑफ नेविगेशन यानी नौवहन की आजादी और नाविकों की सुरक्षा का प्रबल समर्थक है।'

बता दें, पीएम मोदी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच लंबे समय से जारी संघर्ष और तनाव की वजह से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की नाकेबंदी से सप्लाई चेन प्रभावित हुई है। दूसरी ओर, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ब्रिक्स बिजनेस फोरम के लीडर्स सेशन को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'इस वक्त वैश्विक अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक और व्यापक बदलाव हो रहे हैं।

इसके साथ ही, उभरती अर्थव्यवस्थाएं उन पारंपरिक और पुराने आर्थिक ताकतों की जगह ले रही है, जो 20वीं शताब्दी में उत्तरार्ध में विकास की कतार में सबसे आगे की कतार में हुआ करते थे।'

इस दौरान उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि जब मैं पुराने कहता हूं, तो यह सिर्फ एक औपचारिकता है, हम सभी समझते हैं कि हम किसकी बात कर रहे हैं। इस दौरान ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने प्रमुख कैरेंसियों पर निर्भरता को कम करने पर काफी जोर दिया। इसके साथ ही, उन्होंने ब्रिक्स समूह के सदस्यों के बीच व्यापार के लिए अपने राष्ट्रीय कैरेंसी के ज्यादा इस्तेमाल का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, 'सबसे महत्वपूर्ण कदमों में से एक सदस्य देशों के बीच व्यापार में राष्ट्रीय कैरेंसी के इस्तेमाल को बढ़ाना है।'

## पीएम मोदी की ईरानी राष्ट्रपति पेजेश्कियान के साथ द्विपक्षीय बैठक, मिडिल-ईस्ट तनाव समेत इन मुद्दों पर हुई चर्चा



जूम न्यूज़

दिल्ली। ब्रिक्स समिट 2026 के लिए भारत पहुंचे ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच द्विपक्षीय मीटिंग हुई है। दोनों के बीच यह मुलाकात ऐसे वक्त हुई है जब पश्चिम एशिया में तनाव बना हुआ है। दोनों के बीच बैठक में किन मुद्दों पर बात हुई, इसके बारे में विदेश मंत्रालय ने जानकारी साझा की है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी ने ब्रिक्स समिट से अलग ईरानी राष्ट्रपति से मुलाकात की। बीते दो सप्ताह में ये दूसरी बार है जब दोनों नेता मिले हैं। इससे पहले 31 अगस्त को बिश्केक में एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों की मुलाकात हुई थी। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। मोदी ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद भी ब्रिक्स समिट में भागीदारी करने के लिए ईरान की सराहना की। इसके साथ ही पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम पर भी दोनों ने विचार साझा किए। पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर क्षेत्र में स्थायी शांति और स्थिरता, नौवहन और व्यापार की स्वतंत्रता तथा समुद्री यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निरंतर प्रयासों पर जोर दिया। आज आर्थिक दवाब के माध्यम से दूसरे देशों पर राजनीतिक दबाव बनाया जा रहा है।

संपादकीय

# जयपुर के अल्पसंख्यक बहुल इलाकों में मतदान को लेकर उत्साह, महिला मतदाताओं में दिखा जोश

**जयपुर, ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। निकाय चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को जयपुर के अल्पसंख्यक बहुल इलाकों में मतदान को लेकर खासा उत्साह नजर आया। शास्त्री नगर, जालूपुरा, भट्टा बस्ती, हाउसिंग बोर्ड, हसनपुरा, झोटवाड़ा, रामगंज और घाट गेट सहित कई क्षेत्रों में सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें लगी रहीं। इनमें महिला मतदाताओं की संख्या भी काफी रही। हवामहल विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 147 में भट्टा बस्ती थाना क्षेत्र स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा मतदान के लिए पहुंचे। मतदाताओं में अपने पार्षद के चुनाव को लेकर उत्सुकता दिखाई दी। महिला मतदाता आबिदा ने कहा कि जो भी चुना जाए, अच्छा हो और अच्छे लोगों का चुनाव होना चाहिए। इशरत बानो ने बताया कि वह 18 साल की उम्र से मतदान कर रही हैं। वहीं, दूसरी बार वोट डाल रहीं यासमीन ने बताया कि उन्होंने 2023 में 18 साल की उम्र में पहली बार मतदान किया था। वार्ड 147 को हवामहल विधानसभा क्षेत्र की हॉट सीट माना जा रहा है, जहां कई दिग्गज नेता अपना राजनीतिक भविष्य आजमा रहे हैं। मतदान केंद्रों पर महिलाओं और युवाओं की मौजूदगी ने यह संकेत दिया कि शहरी सरकार के चुनाव में मतदाता अपने मताधिकार को लेकर जागरूक हैं और बड़ी संख्या में मतदान के लिए घरों से निकल रहे हैं। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की शुरुआत भी आसान नहीं रही और टीम ने शुरुआती विकेट गंवाए। हालांकि, बल्लेबाजों ने दबाव में संयम बनाए रखा और साझेदारियों के जरिए पारी को संभाला। इसके बाद टीम ने रन गति बढ़ाते हुए पाकिस्तान के गेंदबाजों पर दबाव बनाया और 18.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। पाकिस्तान की ओर से गेंदबाजों ने शुरुआती ओवरों में श्रीलंकाई बल्लेबाजों को परेशानी में डाला, लेकिन लगातार विकेट हासिल नहीं कर सके। जैसे-जैसे मुकाबला आगे बढ़ा, श्रीलंका ने परिस्थितियों के अनुसार बल्लेबाजी करते हुए जरूरी रन जुटाए। अंतिम ओवरों में लक्ष्य ज्यादा मुश्किल नहीं रहा और श्रीलंका ने चार विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारत ने पहले सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 40 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। दोनों टीमों के बीच होने वाला मुकाबला टूर्नामेंट के खिताब के लिए निर्णायक होगा।




## बद्रीनाथ धाम में हादसा, तप्त कुंड में डुबकी लगाते भीलवाड़ा की दो बहनों की मौत



**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

भीलवाड़ा। उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम स्थित तप्त कुंड में स्नान के दौरान भीलवाड़ा जिले की दो सगी बहनों की मौत हो गई। दोनों मांडल क्षेत्र के कबराडिया और दाता गांव की रहने वाली थीं। बताया गया कि दोनों बहनें संकल्प के तहत कुंड में डुबकी लगा रही थीं, इसी दौरान अचानक बेहोश होकर कुंड में गिर गईं। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

बद्रीनाथ थाना प्रभारी महादेव उनियाल के अनुसार हादसा शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे हुआ।

कुंड में दोनों महिलाएं बेहोशी की हालत में मिली थीं। मृतकों की पहचान कबराडिया निवासी रामू देवी (73) पत्नी अमरचंद शर्मा और दाता निवासी प्रेम देवी (71) पत्नी मदन शर्मा के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार दोनों बहनें 4 सितंबर से बद्रीनाथ धाम में आयोजित भागवत कथा में शामिल होने गई थीं।

वे प्रतिदिन सुबह तप्त कुंड में स्नान करने के बाद बद्री विशाल के दर्शन और कथा में शामिल होती थीं। शुक्रवार सुबह स्नान के दौरान यह हादसा हो गया। घटना के समय परिजन मंदिर में दर्शन के लिए गए हुए थे। दोनों बहनों की मौत की खबर गांव पहुंचते ही शोक की लहर दौड़ गई। परिजन हरिद्वार रवाना हो गए हैं। परिजनों ने बताया कि रामू देवी पिछले करीब 20 वर्षों से लगातार बद्रीनाथ धाम की यात्रा करती आ रही थीं।

## जयपुर नगर निगम चुनाव में 63.55 प्रतिशत मतदान, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ मतदान

**जयपुर, ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के द्वितीय चरण में नगर निगम जयपुर के 150 वार्डों में शुक्रवार को मतदान शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

अंतिम रूप से जयपुर नगर निगम क्षेत्र में 63.55 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान के दौरान उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, उद्योग, खेल एवं युवा मामलात मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य सहित जनप्रतिनिधियों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग मतदाताओं और आम नागरिकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने भी किया मतदान राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने वैशाली नगर स्थित खंडेलवाल वैश्य गर्ल्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के मतदान केंद्र पर मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने सेल्फी प्वाइंट पर अमिट स्याही का निशान दिखाते हुए फोटो खिंचवाई और रिव्यू वॉल पर अपना संदेश भी लिखा। उन्होंने शहर की सरकार चुनने के लिए मतदान करने वाले सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

## मकराना में फर्जी वोटिंग के विवाद में कांग्रेस-निर्दलीय समर्थकों में हिंसक झड़प, 4 घायल

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

डीडवाना-कुचामन। नगरीय निकाय चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच शुक्रवार देर शाम मकराना नगर परिषद क्षेत्र में फर्जी वोटिंग के विवाद को लेकर कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थकों में हिंसक झड़प हो गई। वार्ड नंबर 12 के मतदान केंद्र के बाहर निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद हयात भाटी और कांग्रेस प्रत्याशी अब्दुल रहीम सिसोदिया के समर्थकों के बीच कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। झड़प में अब्दुल रशीद भाटी, मोहम्मद फुरकान, फरहान अहमद और मोहम्मद अकरम घायल हो गए। चारों को मकराना के उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद अस्पताल में भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए, जिससे कुछ देर के लिए भीड़ की स्थिति बन गई। मामले में दोनों पक्षों की ओर से अलग-अलग दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं और जांच की जा रही है।

## अजमेर, पुष्कर और किशनगढ़ के 165 वार्डों में मतदान संपन्न, BJP ने शुरू की प्रत्याशियों की बाड़ेबंदी

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

अजमेर। अजमेर नगर निगम, किशनगढ़ नगर परिषद और पुष्कर नगर परिषद के कुल 165 वार्डों में मतदान संपन्न हो गया। मतदान के दौरान किशनगढ़ में निर्दलीय प्रत्याशी के साथ मारपीट और अजमेर में कुछ स्थानों पर फर्जी मतदान की शिकायतें सामने आईं। अजमेर के 80 वार्डों में 360, किशनगढ़ के 60 वार्डों में 256 और पुष्कर के 25 वार्डों में 63 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। मतगणना 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी के दिन होगी। इसी दिन पहले चरण में हुए टांटोटी, केकड़ी, नसीराबाद, सांवर, सरवाड़ और पीसांगन सहित अजमेर, पुष्कर और किशनगढ़ के परिणाम भी सामने आएंगे। मतदान खत्म होते ही भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की बाड़ेबंदी शुरू कर दी है। अजमेर नगर निगम के 80 में से 79 वार्डों में भाजपा ने प्रत्याशी उतारे हैं। पार्टी प्रत्याशियों को प्रशिक्षण के नाम पर एक जगह बुलाया जा रहा है। वहीं कांग्रेस ने 77 प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं और उन्हें शनिवार सुबह 11 बजे कांग्रेस कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। दोनों दल अपने प्रत्याशियों से लगातार संपर्क में हैं। अजमेर के चुनावी समीकरणों में निर्दलीय प्रत्याशी अहम भूमिका निभा रहे हैं। कई वार्डों में भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है, जबकि कई वार्डों में त्रिकोणीय और चतुष्कोणीय मुकाबले देखने को मिले। भाजपा और कांग्रेस से बगावत कर चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों ने भी दोनों दलों की मुश्किलें बढ़ाई हैं। मतदान के बाद सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं, लेकिन वास्तविक तस्वीर 14 सितंबर को मतगणना के बाद साफ होगी।



## मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने का किया आह्वान

**जयपुर, ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शुक्रवार को प्रातः 9 बजे नगरीय निकाय चुनाव के तहत राजकीय सेठ आनंदी लाल पोद्दार बधिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, जेएलएन मार्ग, त्रिमूर्ति सर्किल स्थित मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मुख्य सचिव ने कहा कि मतदान लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण अधिकार एवं दायित्व है। उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। मुख्य सचिव ने मतदान केंद्र पर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से मतदान प्रक्रिया एवं मतदान प्रतिशत की जानकारी ली। उन्होंने मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, सुचारु और व्यवस्थित बनाए रखने पर जोर दिया गया।

## सरदारशहर में 69.96 प्रतिशत मतदान, उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

सरदारशहर। नगर निकाय चुनाव के तहत शुक्रवार को सरदारशहर के 55 वार्डों के 89 मतदान केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। कुल 82,613 मतदाताओं में से 57,799 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह कुल 69.96 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया और मतदान खत्म होते ही सभी प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। सुबह मतदान शुरू होते ही शहर के कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लग गईं। कई बूथों पर मतदाताओं में उत्साह नजर आया, जबकि शहर के मध्य स्थित कुछ केंद्रों पर अपेक्षाकृत कम भीड़ रही। दिनभर मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। कुछ केंद्रों पर ईवीएम में तकनीकी समस्या के चलते मतदान शुरू होने में देरी हुई। वार्ड नंबर 34 के भाग संख्या 1 सहित एक-दो स्थानों पर ईवीएम में गड़बड़ी की सूचना मिली, जिसे दुरुस्त करने के बाद मतदान शुरू कराया गया। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, उपखंड अधिकारी महिपाल सिंह राजावत और थानाधिकारी धीरेन्द्र शेखावत सहित प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दो-तीन स्थानों पर छुटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान के दौरान कोई बड़ी अप्रिय स्थिति वार्ड नंबर 22 के मतदान केंद्र के बाहर दोपहर करीब डेढ़ बजे कुछ देर के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। मौजूद लोगों के अनुसार भाजपा प्रत्याशी गीता देवी को पुलिस द्वारा मतदान केंद्र से बाहर लाए जाने के बाद लोग वहां एकत्रित हुए। सूचना पर पूर्व सभापति राजकरण चौधरी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने समझाइश कर स्थिति सामान्य कराई।






## रामदेवरा मेले के लिए लालगढ़ से 2 जोड़ी मेला स्पेशल ट्रेनें

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

बीकानेर। रामदेवरा मेले के दौरान बढ़ने वाले यात्री भार को देखते हुए रेलवे ने लालगढ़ से रामदेवरा के बीच दो जोड़ी मेला स्पेशल रेलसेवाओं के संचालन का निर्णय लिया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार दोनों रेलसेवाएं 19 से 22 सितंबर तक संचालित होंगी।

गाड़ी संख्या 04751 लालगढ़-रामदेवरा मेला स्पेशल 19 से 22 सितंबर तक लालगढ़ से सुबह 4 बजे रवाना होकर सुबह 7:30 बजे रामदेवरा पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 04752 रामदेवरा-लालगढ़ मेला स्पेशल सुबह 9 बजे रामदेवरा से रवाना होकर दोपहर 12 बजे लालगढ़ पहुंचेगी। दोनों रेलसेवाओं का कोलायत और फलौदी स्टेशनों पर ठहराव रहेगा। इसी तरह गाड़ी संख्या 04753 लालगढ़-रामदेवरा मेला स्पेशल दोपहर 1 बजे लालगढ़ से रवाना होकर शाम 4:30 बजे रामदेवरा पहुंचेगी।

## शहीद कैप्टन चंद्र चौधरी की स्मृति में कबड्डी-बॉक्सिंग प्रतियोगिता

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

बीकानेर। शहीद कैप्टन चंद्र चौधरी के 25वें बलिदान दिवस के अवसर पर बीकानेर में दो दिवसीय कबड्डी एवं बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए नेशनल एवं इंटरनेशनल स्तर के खिलाड़ियों सहित 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल भावना और अनुशासन का परिचय दिया। इस दौरान आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, खेल संघों के पदाधिकारियों एवं खेलप्रेमियों ने शहीद कैप्टन चंद्र चौधरी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति को नमन किया। कार्यक्रम में नोखा विधायक सुशीला डूडी सहित लूणाराम बाना, मोहन सियाग, मोहन चौधरी, राजपाल कुलहरी, राजेन्द्र सिंह राठौड़, जयदयाल डूडी, पूर्णनाथ सिद्ध, जितेंद्र सिंह राठौड़, हेतराम जाखड़, सूरजन चौधरी, भीराज लेगा, विजय ठोलिया सहित अनेक गणमान्यजन एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे। आयोजन में टीएन ज्वेलर्स के रेवतराम जाखड़ एवं तोलाराम जाखड़ का विशेष सहयोग रहा। उनकी ओर से खिलाड़ियों के लिए भोजन, पारितोषिक एवं नगद पुरस्कार की व्यवस्था की गई। आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को खेलों से जोड़ने के साथ शहीदों के त्याग और राष्ट्रभक्ति की भावना को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी और बॉक्सिंग के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। विभिन्न जिलों से पहुंचे खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। आयोजकों की ओर से खिलाड़ियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं, जिससे प्रतियोगिता का माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। देश की रक्षा के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र के प्रति समर्पण, साहस और कर्तव्य की भावना के लिए प्रेरित करता रहेगा। आयोजन के दौरान खेल भावना, अनुशासन और आपसी भाईचारे का संदेश भी दिया गया।




## युवाओं को प्रधानमंत्री के समक्ष नवाचार प्रस्तुत करने का अवसर, माय भारत पोर्टल पर निःशुल्क पंजीकरण

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

चूरू। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से माय भारत पोर्टल पर विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत देश को 10 क्षेत्रों में बांटा गया है। राजस्थान को 'गोल्डन वेस्ट रीजन' में शामिल किया गया है, जिसकी मुख्य थीम 'मैन्युफैक्चरिंग, एंटरप्रेन्योरशिप एवं ग्रीन ग्रोथ' रखी गई है। युवाओं का चयन माय भारत पोर्टल पर पांच पारदर्शी चरणों के माध्यम से किया जाएगा। विकसित भारत चैलेंज, सांस्कृतिक ट्रैक, डिजाइन फॉर भारत, हैकाथॉन, यंग एंटरप्रेन्योर्स और युवा संसद सहित छह प्रमुख ट्रैक्स के जरिए युवाओं को अपने जिले और देश के विकास से जुड़े नवाचार एवं विचार सीधे प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों के समक्ष प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। माय भारत चूरू की जिला युवा अधिकारी स्नेहलता ने बताया कि 15 से 29 वर्ष के युवाओं को 'विकसित भारत @2047' के विजन से जोड़ने और उनकी प्रतिभा एवं विचारों को राष्ट्रीय मंच देने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने जिले के सरकारी एवं गैर-सरकारी शिक्षण संस्थानों और युवाओं से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को नेतृत्व, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। चयन प्रक्रिया में युवाओं की रचनात्मक सोच, समस्या समाधान की क्षमता और समाज एवं देश के विकास से जुड़े विचारों को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे ग्रामीण और छोटे शहरों के युवाओं को भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी बात रखने का मंच मिल सकेगा।



## चूरू जिले में दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न, दिव्यांग, ट्रांसजेंडर, महिला और बुजुर्ग मतदाताओं ने दिखाया उत्साह

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

चूरू। नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत चूरू जिले में दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिले के छह नगरीय निकायों में दिव्यांग, ट्रांसजेंडर, महिला, वृद्ध और युवा सहित सभी वर्गों के मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। मतदान केंद्रों पर लोकतंत्र के प्रति जागरूकता और उत्साह के कई प्रेरणादायी दृश्य देखने को मिले। तारानगर के वार्ड नंबर 7 में प्रियंका शर्मा ने पहली बार मतदान किया और अन्य मतदाताओं से भी मतदान की अपील की। वहीं वार्ड नंबर 18 के दिव्यांग दंपति राकेश कुमार और सोनू रानी ने मतदान कर दिव्यांग मतदाताओं को भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। बीदासर नगरपालिका के बूथ नंबर 37 पर 105 वर्षीय उगमा देवी पत्नी किशन सिंह व्हीलचेयर पर मतदान केंद्र पहुंचीं और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। साहवा के वार्ड नंबर 18 में ट्रांसजेंडर मतदाता मुस्कान बाई और रतनगढ़ के वार्ड नंबर 16 में चांदनी ने मतदान किया। राजलदेसर के वार्ड नंबर 32 में वृद्ध मेहरचंद परिवार के साथ मतदान केंद्र पहुंचे। वहीं वार्ड की महिला मतदाताओं में भी मतदान को लेकर खासा उत्साह नजर आया। मतदान के दौरान सभी वर्गों के मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आमजन से भी मतदान करने की अपील की। मतदान के दौरान जिला प्रशासन की ओर से मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतदान प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों ने लगातार निगरानी रखी। संवेदनशील क्षेत्रों में भी प्रशासन की सतर्कता के चलते मतदान शांतिपूर्ण रहा। मतदान केंद्रों पर पहली बार वोट डालने वाले युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। युवाओं ने मतदान को अपने लोकतांत्रिक अधिकार के साथ-साथ जिम्मेदारी बताते हुए अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया। वहीं महिला मतदाताओं की भागीदारी ने भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भूमिका को रेखांकित किया। मतदान के दौरान कई केंद्रों पर मतदाताओं की कतारें भी देखने को मिलीं।



## राजस्थान/ प्रादेशिक

# नगर निकाय चुनाव 2026, जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण,दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

सीकर। जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष मोदी ने 11 सितम्बर 2026 शुक्रवार को सीकर शहर में स्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत मतदान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बजाज रोड़ स्थित जैन स्कूल, डाक बंगला, ए.आर. मेमोरियल स्कूल फतेहपुर रोड तथा सबलपुरा पावर हाउस स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा मतदान प्रक्रिया को सुचारू, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं मतदान कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष मोदी ने मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की पहचान निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता की पहचान एवं पहचान-पत्र का नियमानुसार सत्यापन करने के बाद ही उसे मतदान के लिए भेजा जाए। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर तैनात पोलिंग एजेन्टों को अपना पहचान-पत्र निर्धारित रूप से धारण कर उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना वैध पहचान-पत्र के किसी भी पोलिंग एजेन्ट को मतदान केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा अनावश्यक भीड़-भाड़ नहीं होने देने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं, मतदाताओं की सुविधा, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित कार्मिकों को निर्देशित किया कि मतदान के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो तथा प्रत्येक मतदाता को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतदान का अवसर उपलब्ध करवाया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों पर तैनात कार्मिकों एवं संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए मतदान दिवस पर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखने के निर्देश दिए। उन्होंने शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के लिए सभी कार्मिकों को सजगता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नुनावत, यूआईटी सचिव राजवीर चौधरी, सीकर एसडीएम सुभाष चन्द्र, सहायक निदेशक जनसम्पर्क पूरण मल साथ रहें।








## ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती के बीच जयपुर में होगा 'हरित संगम 2026'



**जयपुर, ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अंतर्गत जयपुर में 14 से 18 नवम्बर 2026 तक 'हरित संगम 2026' का आयोजन किया जाएगा। हरित संगम 2026 के पोस्टर का विमोचन राजस्थान के महामहिम राज्यपाल मा. हरिभाऊ जी बागडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग पर चिंता व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी आधारित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए 'हरित संगम' जैसे आयोजनों की आवश्यकता है, जो समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करें। राज्यपाल ने 'हरित संगम 2026' के आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएँ भी प्रेषित कीं। हरित संगम 2026 के सचिव अशोक मित्तल ने बताया कि मुख्य आयोजन से पूर्व जयपुर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से व्यापक जनभागीदारी अभियान चलाया जाएगा।

## डोटासरा ने जनप्रतिनिधियों को डराकर पार्टी में शामिल कराने का लगाया आरोप

**जयपुर, ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया है कि भाजपा राजस्थान में भी गुजरात मॉडल को लागू करना चाहती है, इसका अर्थ है जनप्रतिनिधियों को धमकाओ, डराओ और दबाव में लाकर भाजपा में शामिल करो।

भारतीय जनता पार्टी राजस्थान में सरकार के काम पर वोट मांगने की बजाय प्रशासन का दुरुपयोग करते हुए निकाय चुनाव में भाग ले रहे प्रत्याशियों को डराने धमकाने का काम कर रही है। डोटासरा ने प्रश्न किया है कि भाजपा को ऐसा क्या डर है कि बाड़ेबंदी और प्रत्याशियों की खरीद फ़रोख़्त की जा रही है। स्पष्ट है कि भाजपा के खिलाफ आम जनता में रोष है और कांग्रेस निकाय चुनाव में जीत दर्ज कर रही है इसलिए हार के डर से बौखला कर भाजपा सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है जबकि सभापति के लिए चुनाव 21 को है इसलिए आज भारतीय जनता पार्टी सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग कर अधिकारियों से कहकर बाड़ेबंदी करवा रही है। कांग्रेस पार्टी राजस्थान प्रदेश में भाजपा के इस अलोकतांत्रिक षड्यंत्र को सफल नहीं होने देगी।

## विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 - विकसित भारत क्विज़ के साथ शुरू

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

जोधपुर। केंद्र सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत पोर्टल पर विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के नवाचारों एवं नीति निर्धारण में युवाओं के विचारों को शामिल करना है। प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों के उपरांत चयनित युवाओं को प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। माय भारत जोधपुर के उप निदेशक भूपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया की माय भारत पोर्टल पर विकसित भारत क्विज़ से शुरुआत की गई है। विकसित भारत चैलेंज ट्रैक के पहले चरण के रूप में विकसित भारत क्विज का आयोजन 17 अगस्त से 30 सितंबर 2026 तक 'माय भारत पोर्टल' पर किया जा रहा है। अधिकतम प्रतिभागियों में से शीर्ष 10 प्रतिशत प्रतिभागी अगले चरण - विकसित भारत निबंध प्रतियोगिता के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे। इसी कार्यक्रम के एक और भाग के रूप में जिला स्तर पर सांस्कृतिक ट्रेक का आयोजन भी किया जाएगा।

## दौसा निकाय चुनाव में फर्जी मतदान को लेकर भारी बवाल : भाजपा प्रत्याशी ने सांसद मुरारी लाल मीणा पर लगाए आरोप

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

दौसा। नगर निकाय चुनाव-2026 के मतदान के दौरान शुक्रवार को दौसा में फर्जी मतदान को लेकर सियासी पारा गरमा गया। शहर के विभिन्न वार्डों में फर्जी वोटिंग के आरोपों के बीच प्रत्याशियों और समर्थकों के बीच तीखी नोकझोंक और मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं। बूथ संख्या 53 पर सांसद और भाजपा प्रत्याशी आमने-सामने बूथ संख्या 53 पर फर्जी मतदान को लेकर भाजपा प्रत्याशी योगेश शर्मा और दौसा सांसद मुरारी लाल मीणा के बीच तीखा विवाद हो गया। भाजपा प्रत्याशी ने सांसद पर सीधे तौर पर फर्जी मतदान करवाने का आरोप लगाया। इस दौरान दोनों के बीच हुई बहस का एक बयान चर्चा का विषय बन गया, जिसमें कथित तौर पर तंज कसते हुए कहा गया कि यदि एक फर्जी वोट का प्रयास हुआ है तो आप दो कर लो। इस नोकझोंक के बाद मौके पर कुछ समय के लिए तनाव बढ़ गया। उधर, वार्ड संख्या 52 में स्थिति और अधिक बिगड़ गई। कांग्रेस प्रत्याशी मंजू बाई के पति रविंद्र मोरेड ने आरोप लगाया कि फर्जी मतदान का विरोध करने पर निर्दलीय प्रत्याशी कैलाश सूरजपुरा और उनके समर्थकों ने उनके साथ अभद्रता और मारपीट की। पीड़ित पक्ष का कहना है कि गुंडागर्दी के खिलाफ शिकायत के बावजूद पुलिस-प्रशासन ने समय पर कोई मदद नहीं की। इसी क्रम में वार्ड संख्या 34 से भाजपा प्रत्याशी जितेंद्र शर्मा ने भी कांग्रेस प्रत्याशी पर फर्जी मतदान करवाने का खुला आरोप लगाया है।



# बीकानेर की 6 नगर पालिकाओं में वोटिंग: दोपहर 1 बजे तक देशनोक में 64.35 प्रतिशत मतदान

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

बीकानेर। बीकानेर जिले की 6 नगर पालिकाओं—श्रीडूंगरगढ़, खाजूवाला, लूणकरणसर, देशनोक, नापासर और नोखा में शुक्रवार सुबह 7 बजे से शांतिपूर्ण मतदान जारी है। दोपहर 1 बजे तक देशनोक नगर पालिका 64.35 फीसदी मतदान के साथ सबसे आगे रही, जबकि नापासर में सबसे कम 52.51 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई। मतदान के दौरान खाजूवाला में विवाद और श्रीडूंगरगढ़ में तकनीकी खराबी की घटनाएं सामने आईं। खाजूवाला में प्रत्याशी और मतदाता के बीच विवादः पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय स्थित वार्ड नंबर 5 के मतदान केंद्र पर कांग्रेस प्रत्याशी और एक मतदाता के बीच तीखी झड़प हो गई। मतदाता ने प्रत्याशी पर धमकाने का आरोप लगाया। तनाव बढ़ता देख पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और व्यवस्था बहाल कराई। श्रीडूंगरगढ़ में ईवीएम खराबः वार्ड नंबर 22 के सनशाइन स्कूल (गौरव पथ रोड) केंद्र पर मतदान शुरू होने से पहले मॉक पोल के दौरान ईवीएम के दो-तीन बटन जाम हो गए। सूचना मिलते ही तकनीकी टीम मौके पर पहुंची और मशीन को दुरुस्त कर सुचारु मतदान शुरू कराया। सुबह 10 बजे जहां देशनोक में 36.31% और नापासर में 27.02% मतदान दर्ज हुआ था, वहीं दोपहर 1 बजे तक देशनोक में 64.35% और नापासर में 52.51% तक आंकड़ा पहुंच गया। जिले की सभी छह निकायों में शाम 6 बजे तक वोट डाले जाएंगे। बीकानेर नगर निगम के लिए मतदान पहले ही बुधवार को संपन्न हो चुका है। श्रीडूंगरगढ़ का वार्ड संख्या 17 इस चुनाव में सबसे हॉट सीट बना हुआ है। यहां से श्रीडूंगरगढ़ विकास मंच के जतन सिंह राजपुरोहित मैदान में हैं, जो मंच की ओर से सभापति पद के प्रमुख दावेदार भी माने जा रहे हैं। इस सीट पर उन्हें भाजपा के भरत, कांग्रेस के श्रीकिशन और माकपा (CPIM) के आरिफ से कड़ा मुकाबला मिल रहा है। दोपहर बाद मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की आवाजाही और बढ़ने की संभावना रही। शुरुआती चरण में कई केंद्रों पर लंबी कतारें देखने को मिलीं, वहीं महिला, युवा और बुजुर्ग मतदाताओं ने भी उत्साह के साथ मतदान किया।



## आदर्श मतदान केन्द्रों पर उत्सव सा माहौल, मतदाताओं में दिखा अभूतपूर्व उत्साह

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

जोधपुर। नगर निगम जोधपुर आम चुनाव-2026 के तहत मतदान के दौरान जिले में स्थापित आदर्श एवं अति उत्कृष्ट मतदान केन्द्र मतदाताओं के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बने। जिला निर्वाचन कार्यालय की पहल पर मतदान केन्द्रों को मतदाता-अनुकूल एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किए जाने से यहां पहुंचने वाले मतदाताओं में उत्साह देखते ही बना। मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं एवं की गई विशेष सजावट को मतदाताओं ने सराहा तथा निर्वाचन कार्यालय के इस नवाचार की भूरि-भूरि प्रशंसा की। मतदान परिसर में प्रवेश करते ही लाल कारपेट, आकर्षक सजावट, पोस्टर एवं बैनर से सजी दीवारें तथा विशेष रूप से तैयार किए गए सेल्फी प्वाइंट मतदाताओं के आकर्षण का केन्द्र रहे। उन्होंने मतदान प्रक्रिया, मतदाता सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

## श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी में 'राजस्थान स्टार्टअप क्वेस्ट 2026' पर जागरूकता सेमिनार



**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

झुंझुनूं। श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय (श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी) में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग (DoIT&C) के संयुक्त तत्वावधान में 'राजस्थान स्टार्टअप क्वेस्ट 2026' पर एक विशेष जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं भावी युवा उद्यमियों को राज्य सरकार के स्टार्टअप इकोसिस्टम, पंजीकरण प्रक्रिया तथा नवाचार व स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली विभिन्न योजनाओं से रूबरू कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात डॉ. आरती पवार ने सेमिनार की रूपरेखा और विषयवस्तु पर विस्तार से प्रकाश डाला। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित अलसीसर ब्लॉक के DoIT&C प्रोग्रामर बंटेश चावला ने कहा कि आज का युग डिजिटल नवाचारों का है, जिसमें युवाओं को अपने इनोवेटिव विचारों के साथ आगे आना होगा। सहायक प्रोग्रामर महेंद्र कुमार एवं इंजीनियर राज वीरेंद्र ने 'राजस्थान स्टार्टअप क्वेस्ट 2026' के प्रमुख बिंदुओं, प्रतियोगिताओं के विभिन्न चरणों, सरकारी वित्तीय सहायता और पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इंटरैक्टिव सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने छात्रों को समझाया कि वे अपने नए विचारों (आइडियाज) को सरकार के इनक्यूबेशन और स्टार्टअप समर्थन तंत्र के जरिए किस तरह एक सफल व्यावसायिक मॉडल में बदल सकते हैं। यह सेमिनार विश्वविद्यालय प्रशासन के दिशा-निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी प्रेसिडेंट डॉ. मधु गुप्ता, रजिस्ट्रार डॉ. अजीत कुमार और डॉ. महेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में प्रभारी डीएसडब्ल्यू व समन्वयक डॉ. अनंता शांडिल्य, सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. इरफान कलाल, ईसीई विभागाध्यक्ष डॉ. राहुल कुमार बुडानिया तथा डॉ. कंचन का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. नीतीश कुमार गौतम के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## नोटा नहीं, अब निर्दलीय बना विकल्प : पार्टियों की मनमानी के खिलाफ सुलगता दिखा अवाम और असंतुष्ट कार्यकर्ताओं का साझा गुस्सा

**जयपुर, ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। लोकतंत्र में जब-जब अवाम के सामने यह यक्ष प्रश्न उछाला गया कि 'विकल्प क्या है?', तब-तब सियासी दलों ने अपनी मनमानियों और थोपे गए फैसलों को जनता की मजबूरी मान लिया। इस लाचारी के बीच चुनाव आयोग ने ईवीएम पर 'नोटा' (NOTA) का जो विकल्प दिया था, मतदाता अब उसकी बेअसर चुप्पी को दरकिनार कर चुका है। मौजूदा निकाय चुनावों की जमीन पर साफ दिख रहा है कि आम मतदाता अब नोटा के निष्फल बटन को दबाने के बजाय दलीय तानाशाही को सबक सिखाने के लिए सीधे 'निर्दलीय' को अपना अचूक हथियार बना रहा है। अब तक की परिपाटी यह रही थी कि जब दल अपनी ही विचारधारा और जनभावना के विपरीत फैसले लेते थे, तो मतदाता विरोध दर्ज कराने के नाम पर नोटा का रुख करता था। लेकिन इस बार का मिजाज बदला हुआ है। आम नागरिक समझ चुका है कि नोटा का शोर सत्ता के कानों तक नहीं पहुंचता। लिहाजा, दलों के थोपे हुए चेहरों और बंद कमरों की सियासत को खारिज करने के लिए मतदाता ने स्थानीय स्तर पर मौजूद निर्दलीय प्रत्याशियों पर अपना दांव लगाना शुरू कर दिया है। इस चुनावी उभार की सबसे अहम और झकझोरने वाली कड़ी यह है कि मैदान में खड़े इन निर्दलीयों को सिर्फ आम जनता का ही नहीं, बल्कि पार्टियों के अपने परंपरागत और वैचारिक वर्ग के उन उपेक्षित कार्यकर्ताओं का भी खुला व मौन समर्थन मिल रहा है, जिनका हक आलाकमान ने दरकिनार कर दिया था। सालों से झंडा उठाने वाले काडर की निष्ठा अब सिंबल के बजाय स्वाभिमान से जुड़ती नजर आ रही है। एक खास विचारधारा का अभेद्य गढ़ समझे जाने वाले मानसरोवर के रिहायशी इलाकों से लेकर इसके ठीक उलट शहर के पुराने, अंदरूनी परकोटे के तंग गली-मोहल्लों तक में यही रुझान साफ महसूस किया जा रहा है। दोनों छोरों पर कार्यकर्ता और मतदाता पार्टियों के अहंकार के खिलाफ एक ही सुर में खड़े दिख रहे हैं। सियासी जानकारों का मानना है कि यदि मतदान का यह रुझान परिणामों में तब्दील होकर सीटों की शक्ल अख्तियार करता है, तो यह स्थानीय निकाय चुनावों में जनता और समर्पित कार्यकर्ताओं के लिए एक नई राह खोलने वाला साबित होगा, जहां दलों की मनमानी पर जनता का सीधा फैसला भारी पड़ेगा। इस बदले हुए चुनावी मिजाज ने प्रमुख राजनीतिक दलों के सामने भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं। ऐसे में निर्दलीय प्रत्याशियों की बढ़ती स्वीकार्यता को केवल नाराजगी का संकेत मानना पर्याप्त नहीं होगा।

## जयपुर में कातिल बना युवक, पत्नी और तीन बेटियों की हत्या के बाद हुआ फरार

**जयपुर, ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। जयपुर के हाथोज इलाके में एक युवक ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और तीन बेटियों की हत्या कर दी और मौके से भाग गया। घटना करधनी थाना क्षेत्र के स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल के पास गोविंदपुरी कॉलोनी में हुई। आरोपी की पहचान राहुल झा के रूप में हुई है, जिस पर अपनी पत्नी गीता झा और तीन बेटियों नंदिनी, राधिका और गौरी की हत्या का संदेह है। पुलिस के मुताबिक, हत्याओं की जानकारी शुक्रवार सुबह 10 बजे मिली, जिसके बाद स्थानीय पुलिस, वरिष्ठ अधिकारी और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। गोविंद वाटिका में प्लॉट नंबर ए-169 स्थित घर के अलग-अलग कमरों में शव मिले। डीसीपी (पश्चिम) प्रशांत किरण ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि हत्याएं पारिवारिक विवाद के कारण हुई होंगी। हालांकि सटीक मकसद अभी तक स्थापित नहीं हुआ है। जांचकर्ताओं को संदेह है कि पीड़ितों पर उस समय हमला किया गया जब वे रात में सो रहे थे। कथित तौर पर अपराध में इस्तेमाल किया गया एक पत्थर घर से बरामद किया गया है।



## मनोरंजन समाचार

### AI ने कराया टाइम ट्रेवल! 80 में पहुंचे परिणीति-राघव से लेकर कियारा-सिद्धार्थ



सोशल मीडिया पर इन दिनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी AI का एक नया ट्रेंड तेजी से लोगों का ध्यान खींच रहा है। इस ट्रेंड के जरिए मौजूदा दौर के लोगों की तस्वीरों को 1980 के दशक के अंदाज में बदला जा रहा है। रेट्रो फैशन, पुराने जमाने के हेयरस्टाइल, रंग-बिरंगे आउटफिट और उस दौर की खास बॉलीवुड वाइब के साथ तैयार की गई ये तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। आम यूजर्स के साथ अब बॉलीवुड और टेलीविजन के सितारे भी इस ट्रेंड का हिस्सा बन रहे हैं। इस ट्रेंड में शामिल होने वाली चर्चित हस्तियों में कियारा आडवाणी भी हैं। अभिनेत्री ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर AI से तैयार की गई एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह और उनके पति सिद्धार्थ मल्होत्रा 1980 के दशक के कपल की तरह नजर आ रहे हैं। तस्वीर में दोनों का लुक उस दौर के फैशन से प्रेरित दिखाई देता है। सिद्धार्थ मल्होत्रा को डबल डेनिम आउटफिट और डार्क एविएटर सनग्लासेस में दिखाया गया है। वहीं कियारा के लुक में पिंक ड्रेस, पफ स्लीव्स और बड़े हूप ईयररिंग्स के साथ चूड़ियों जैसे एक्सेसरीज को शामिल किया गया है। पूरा लुक पुराने दौर के बॉलीवुड रोमांस की याद दिलाता है। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने भी इस वायरल ट्रेंड को आजमाया। AI से तैयार की गई तस्वीर में दोनों का आउटफिट एक-दूसरे से मैच करता नजर आया। कपल को एसिड-वॉश जींस और पिंक जैकेट में दिखाया गया है, जिससे तस्वीर को उस दौर का खास फैशन टच मिलता है। सोनाक्षी ने अपने लुक में ब्लैक टॉप को शामिल किया, जबकि जहीर ब्लैक शर्ट के साथ पिंक जैकेट में नजर आए।

### भुवन बाम ने अपनी सक्सेस जर्नी पर की बात, असफलता को बताया सफलता का जरूरी हिस्सा




भुवन बाम न सिर्फ एक मशहूर यूट्यूबर और कॉमेडियन हैं, बल्कि एक दमदार एक्टर भी हैं। भुवन बाम ने दिल्ली के अपने कमरे में वीडियो बनाने से लेकर प्राइम वीडियो के पीरियड ड्रामा 'द रिवोल्यूशनरीज' में काम करने तक के अपने सफर को 'बगावत भरा' बताया है। उन्होंने कहा कि एक बड़ी स्ट्रीमिंग सीरीज के लिए फिल्ममेकर निखिल आडवाणी के साथ काम करते समय नाकामियों ने उन्हें जमीन से जुड़े रहने में मदद की। ANI को दिए एक इंटरव्यू में भुवन ने अपनी सफलता की जर्नी के बारे में खुलकर बात की और बताया कि उनकी सक्सेस में सबसे बड़ा रोल असफलता का है। इंटरव्यू के दौरान उनसे पूछा गया कि वह 'रातों-रात स्टार' बन गए तो उन्होंने कहा कि सफलता से पहले सालों की मेहनत और लोगों की यह सलाह शामिल थी कि उन्हें अपने चुने हुए रास्ते पर नहीं चलना चाहिए। भुवन ने कहा, 'यह सफर बगावत भरा रहा है... यह एक लंबा सफर रहा है और इस सफर में बहुत से लोग मिलते हैं। बहुत से लोग कहते हैं ऐसा मत करो। यह तुम्हारे लिए नहीं है। तुम खो जाओगे। तुम भीड़ में खो जाओगे। वहां कोई तुम्हारी इज्जत नहीं करेगा।' उन्होंने याद किया कि कैसे उन्होंने अपने आस-पास के शक के बावजूद आगे बढ़ने का फैसला किया, 'मैंने कहा अगर वहां नहीं तो मैं इसे यहीं से करूंगा। इसलिए, मैंने इसे दिल्ली से किया।' भुवन ने बताया कि वह सिर्फ एक साल पहले ही मुंबई आए हैं, जबकि उससे पहले उन्होंने अपना करियर दिल्ली में बनाया था। उन्होंने कहा, 'इसलिए जगह मायने नहीं रखती। आप इसे कहां से कर रहे हैं, यह जरूरी नहीं है। आप क्या कर रहे हैं, यह जरूरी है।' अपने सफर को याद करते हुए, एक्टर ने कहा कि वह अपने पुराने मैं को गलतियों से डरने के बजाय उन्हें अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। उन्होंने कहा, 'और अगर मुझे अपने युवा रूप से कुछ कहना हो तो मैं यही कहूंगा कि गलतियां करते रहो।'

### पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर के रैप डेब्यू में लाइमलाइट चुरा ले गईं ड्रामा क्वीन



पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर अब एक्टिंग के साथ-साथ म्यूजिक की दुनिया में भी कदम रख चुकी हैं। हानिया ने अपना पहला गाना 'पैबलो' रिलीज किया है, जिसमें उन्होंने रैप भी किया है। हालांकि गाने की रिलीज के बाद सबसे ज्यादा चर्चा हानिया से ज्यादा बॉलीवुड एक्ट्रेस राखी सावंत की हो रही है। गाने के अंत में राखी की मौजूदगी ने इस रिलीज को एक अनोखा क्रॉस-बॉर्डर कोलैबोरेशन बना दिया है। माना जा रहा है कि हानिया के इस रैप डेब्यू से राखी सावंत लाइमलाइट चुरा ली है। फैंस एक्ट्रेस की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कई फैंस का कहना है कि राखी अब लॉर्ड राखी बन चुकी हैं। 'पैबलो' को 10 सितंबर, गुरुवार को रिलीज किया गया।

# रवि किशन का गाना 'मनी फॉलोज माय ब्रदर' रिलीज, वायरल मीम का हुआ म्यूजिकल मेकओवर

एक्टर और नेता रवि किशन आजकल अपने मीम्स की वजह से इंटरनेट पर छाए हुए हैं। उनकी कही किसी भी बात का मजेदार तरीके से इस्तेमाल किया जा सकता है, जो देखते ही देखते वायरल हो जाता है। उनके हर नए वीडियो को लोगों से बहुत प्यार मिलता है। इसलिए, इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है कि उन्होंने इस मौके का फायदा उठाने का फैसला किया और टी-सीरीज के साथ मिलकर 'मनी फॉलोज माय ब्रदर' गाना बना दिया, जिसमें उनके मीम्स को पूरी तरह से सेलिब्रेट किया गया है। ये गाना सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अगर आपने रवि किशन के 'मनी फॉलोज माय ब्रदर' वाले वायरल मीम्स नहीं देखे हैं तो आप यकीनन दुनिया से कटे हुए हैं। इंटरनेट पर मजेदार ट्रेंड के तौर पर शुरू हुई यह बात अब एक गाने में बदल गई है, क्योंकि टी-सीरीज ने इस वायरल लाइन को एक पूरे गाने का रूप दे दिया है। शुक्रवार, 11 सितंबर को टी-सीरीज ने 'मनी फॉलोज माय ब्रदर' नाम का गाना रिलीज किया, जिसमें खुद रवि किशन



ने अपनी आवाज दी है। इस गाने में मेलो डी और दिवंगत पंजाबी गायक सुरजीत बैंस बिंद्राखिया की आवाज भी शामिल है। यह गाना बिंद्राखिया के मशहूर पंजाबी गाने 'लक टुनु टुनु' का मॉडर्न वर्जन भी है। रवि किशन के नए गाना 'मनी फॉलोज माय ब्रदर' के बोल मेलो डी और शमशेर संधू ने लिखे हैं, जबकि गाने को संगम वैज्ञानिक ने प्रोड्यूस किया है। इसका संगीत मेलो डी, संगम वैज्ञानिक और अतुल शर्मा ने तैयार किया है। म्यूजिक वीडियो को पोस्ट गुरु ने डायरेक्ट किया है। रवि किशन म्यूजिक वीडियो में अपने वायरल अंदाज में नजर आ रहे हैं। गाने में रवि किशन की जबरदस्त एनर्जी देखने को मिल रही है। चमकीले कपड़े पहने और आलीशान लाइफस्टाइल के बीच, एक्टर गाने में अपना खास अंदाज और पर्सनैलिटी दिखा रहे हैं। इंस्टाग्राम पर म्यूजिक वीडियो शेयर करते हुए रवि किशन ने लिखा, 'पूरे देश को पागल करने आ रहा हूं' काम की बात करें तो रवि किशन को हाल ही में 'मिर्जापुरः द मूवी' में देखा गया था, जिसमें उन्होंने बब्बन भैया का किरदार निभाया है। एक ऐसा गैंगस्टर, जो मिर्जापुर की गद्दी पर कब्जा करना चाहता है।

गाने के रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर रवि किशन के इस नए अंदाज की चर्चा शुरू हो गई। फैंस उनके वायरल डायलॉग और म्यूजिक वीडियो के बीच बने कनेक्शन को पसंद कर रहे हैं। कई यूजर्स वीडियो के अलग-अलग हिस्सों को मीम और शॉर्ट वीडियो के रूप में शेयर कर रहे हैं, जिससे गाने की पहुंच तेजी से बढ़ रही है। रवि किशन की लोकप्रियता केवल फिल्मों तक सीमित नहीं है। भोजपुरी सिनेमा से लेकर हिंदी फिल्मों और राजनीति तक उन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई है। उनका बेबाक बोलने का अंदाज और खास बॉडी लैंग्वेज अक्सर सोशल मीडिया यूजर्स के बीच चर्चा का विषय बन जाती है। इस बार भी इसी लोकप्रियता को गाने के जरिए मनोरंजन में बदला गया है।

# बर्थडे पर कोई बड़ा जश्न नहीं करेंगी संयुक्ता, सादगी से मनाएंगी अपना खास दिन

अभिनेत्री संयुक्ता शुक्रवार को अपना जन्मदिन मना रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि वे इसे बहुत ही सादगी और अपनी मनपसंद चीजों के साथ मनाएंगी। बिम्बिसार, भीमला नायक, वाथी और विरुपाक्ष जैसी कई हिट फिल्मों में शानदार अभिनय दे चुकी अभिनेत्री ने बताया कि उन्होंने जन्मदिन की शुरुआत सुबह-सुबह कलरी क्लास के साथ करेंगी। उन्होंने कहा, "इस साल, मैं अपना जन्मदिन बहुत साधारण तरीके और अपने करीबियों के साथ मनाऊंगी। मैं अपनी कलारी क्लास के लिए जल्दी उठूंगी, उसके बाद साधना और पूजा करूंगी और शाम को भी अपना रूटीन जारी रखूंगी।" अभिनेत्री ने बताया कि उनके जन्मदिन मनाने का मतलब बड़े-बड़े प्लान करना नहीं बल्कि खुद के साथ रहना और वो काम करना है, जिससे उन्हें शांति मिलती है। उन्होंने कहा, "मैंने महसूस किया है कि मुझे अपनी खुद की दुनिया में रहना और वो चीजें करना बहुत पसंद है जिससे मुझे सुकून मिलता है। इसलिए बड़े-बड़े प्लान बनाने के बजाय, मैं इस दिन जमीन से जुड़े रहकर और हर पल को जीकर बिताना चाहती हूं। मेरे लिए इस साल अपना जन्मदिन मनाने का यही सबसे अच्छा तरीका है।" संयुक्ता मुख्य रूप से मलयालम और तेलुगु फिल्मों में अभिनय करती हैं। उन्होंने साल 2016 की मलयालम फिल्म 'पॉपकॉर्न' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। हालांकि, 2018 की फिल्म 'थीवंडी' से बड़ी पहचान मिली थी। उन्होंने मलयालम और तेलुगु सिनेमा में कई व्यावसायिक रूप से सफल फिल्मों में काम किया है, जिनमें 'भीमला नायक' (2022), 'बिम्बिसार' (2022), 'वाथी' (2023) और 'विरुपाक्षा' (2023) शामिल हैं। विरुपाक्ष के लिए उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस का संतोषम फिल्म अवॉर्ड मिला। उन्हें आखिरी बार राम अब्बाराजू की डायरेक्ट की हुई फिल्म नारी नारी नादुमा मुरारी में देखा गया था। अभिनेत्री जल्दी ही फिल्म 'द ब्लैक गोल्ड' में नजर आएंगी। इस फिल्म में संयुक्ता बिल्कुल नए और आक्रामक (रूथलेस) एक्शन अवतार में नजर आएंगी। उन्होंने बिना बॉडी डबल के खतरनाक एक्शन सीन किए हैं। संयुक्ता के अलावा फिल्म में मुरली शर्मा, राव रमेश, नास्सर और रामकी जैसे कई जाने-माने कलाकार हैं। 'द ब्लैक गोल्ड' को लेकर संयुक्ता के प्रशंसकों में खासा उत्साह है। फिल्म में उनका किरदार पहले की फिल्मों से काफी अलग बताया जा रहा है। एक्शन केंद्रित भूमिका के लिए अभिनेत्री ने शारीरिक और मानसिक रूप से खुद को तैयार किया है। बिना बॉडी डबल के खतरनाक एक्शन दृश्यों को निभाने का उनका फैसला भी फिल्म में उनकी भूमिका को खास बनाता है। संयुक्ता का यह नया अवतार उनके अब तक के करियर में एक अलग पड़ाव माना जा रहा है। अब तक उन्हें अलग-अलग तरह के किरदारों में देखा गया है, लेकिन एक्शन भूमिका में उनकी प्रस्तुति दर्शकों के लिए नया अनुभव हो सकती है। फिल्म की कहानी और उनके किरदार से जुड़ी कई जानकारियां फिलहाल निर्माताओं ने सीमित रखी हैं। अभिनेत्री ने अपने करियर में मलयालम और तेलुगु सिनेमा के बीच सफलतापूर्वक काम किया है। 'थीवंडी' के बाद उनकी लोकप्रियता में तेजी से इजाफा हुआ और इसके बाद लगातार सफल फिल्मों का हिस्सा बनती गईं। अभिनय के साथ-साथ अलग तरह की भूमिकाएं चुनने की उनकी कोशिश ने भी उन्हें दर्शकों के बीच अलग पहचान दिलाई है। जन्मदिन के मौके पर संयुक्ता का सादगी भरा जश्न उनके व्यक्तित्व के एक शांत और अनुशासित पहलू को सामने लाता है। कलारी, साधना और पूजा जैसी गतिविधियों के साथ दिन बिताने की उनकी योजना



बताती है कि अभिनेत्री अपने व्यस्त पेशेवर जीवन के बीच निजी संतुलन को भी महत्व देती हैं। अब निगाहें उनकी आगामी फिल्म 'द ब्लैक गोल्ड' पर हैं। फिल्म में संयुक्ता का आक्रामक एक्शन अवतार दर्शकों के बीच कितना प्रभाव छोड़ता है, यह रिलीज के बाद सामने आएगा। जन्मदिन और उनका आगामी प्रोजेक्ट दोनों ही उनके प्रशंसकों के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं।

## फ्लाइट में गूंजा 'हनुमान अंश' का 'मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान' भजन, सुनील लोधी ने बांधा भक्ति का समां



फिल्म 'हनुमान अंश' की कहानी, कास्ट, भजन से लेकर इसके हर सीन की लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं, जो चर्चा में बनी हुई है। 2 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म 2026 की ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर बन चुकी है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर इसने 5 हफ्ते में 90 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है और अभी भी सिनेमाघरों में लोग इसे देखने के लिए जा रहे हैं। फिल्म की लोकप्रियता के साथ-साथ इससे जुड़े कलाकार भी रातों-रात स्टार बन चुके हैं। अब सोशल मीडिया पर 'हनुमान अंश' के सिंगर का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह फ्लाइट में 'मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान' भजन गाते दिख रहे हैं। हाल ही में वायरल हुए वीडियो में आप देख सकते हैं कि एक फ्लाइट के भीतर, जब यात्रियों ने फिल्म के लोकप्रिय भक्ति गीत 'मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान' के गायक सुनील लोधी को पहचान लिया तो अलग ही नजारा देखने को मिला। लोगों के आग्रह पर जब उन्होंने गाना शुरू किया तो पूरी फ्लाइट का माहौल भक्तिमय हो गया। सभी भक्ती में लीन होते दिखाई दिए। जैसे ही प्लेन में मौजूद यात्रियों ने उन्हें देखा तो उनसे गाना गाने के लिए कहा और उनकी आवाज सुनाते ही वहां लोगों का जमावड़ा लग गया। हर कोई हिट भजन 'मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान' सुन खुद हो गया। अब सोशल मीडिया पर यह खूबसूरत पल चर्चा में बना हुआ है।

## समय रैना की जिंदगी में आई '12वीं फेल' वाली हसीना? वेकेशन की तस्वीरों से फैंस ने खोज निकाला क्लू

कॉमेडियन समय रैना एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने शेरॉन वर्मा के साथ डेटिंग की खबरों को खारिज किया था, लेकिन अब सोशल मीडिया पर उनकी और एक्ट्रेस मेधा शंकर की नजदीकियों को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। दरअसल, कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने समय और मेधा की हालिया इंस्टाग्राम स्टोरीज में ऐसी समानताएं नोटिस की हैं, जिन्हें वे दोनों के एक ही जगह पर होने का संकेत मान रहे हैं। हालांकि, दोनों ने इन अटकलों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे स्क्रीनशॉट्स में सबसे ज्यादा चर्चा मेधा शंकर की एक पोस्ट की हो रही है। बताया जा रहा है कि अब यह पोस्ट डिलीट हो चुकी है। तस्वीर में मेधा हरे रंग की टी-शर्ट पहने एक कमरे के अंदर पोज देती नजर आ रही थीं। फैंस की नजर तस्वीर के बैकग्राउंड पर गई, जहां ग्रे रंग की दीवार दिखाई दे रही थी। इसके बाद कुछ यूजर्स ने समय रैना के हालिया रैप वीडियो से इसकी तुलना की। उनका दावा है कि वीडियो में भी इसी तरह की ग्रे दीवार नजर आती है। बस फिर क्या था, सोशल मीडिया पर दोनों के एक ही लोकेशन पर होने की अटकलें शुरू हो गईं। हालांकि, सिर्फ बैकग्राउंड की समानता के आधार पर दोनों के साथ होने की पुष्टि नहीं की जा सकती। फैंस ने समय रैना की एक और सोशल मीडिया एक्टिविटी को लेकर भी सवाल उठाए हैं। बताया जा रहा है कि समय ने हाल ही में एक Q&A पोस्ट शेयर किया था, जिसमें उनसे पूछा गया था कि ऐसी कौन सी चीज है जिसमें वह बिना किसी खास वजह के अच्छे हैं। जवाब में समय ने अपनी काफ मसल्स की तस्वीर शेयर करते हुए बताया था कि वह पहाड़ों पर चढ़ने में अच्छे हैं और बिना किसी ट्रेनिंग के उनकी



काफ मसल्स काफी मजबूत हैं। कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा किया कि यह तस्वीर किसी होटल जैसी जगह पर ली गई थी। बाद में पोस्ट के डिलीट होने पर फैंस की उत्सुकता और बढ़ गई। समय और मेधा को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह के दावे किए जा रहे हैं। कुछ यूजर्स ने कमेंट्स में दावा किया कि उनके किसी परिचित ने दोनों को स्विट्जरलैंड में देखा है। वहीं, कुछ लोगों ने समय के पोस्ट डिलीट करने को भी इन अटकलों से जोड़ना शुरू कर दिया।

# सार समाचार

## डोनाल्ड ट्रंप ने मध्यावधि चुनाव के लिए व्यापक एजेंडा किया पेश, कई वादे किए



वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नवंबर में होने वाले मध्यावधि चुनावों के लिए रिपब्लिकन पार्टी का एक बड़ा एजेंडा पेश किया है। उन्होंने वादा किया है कि अगर उनकी पार्टी कांग्रेस पर अपना नियंत्रण बनाए रखती है, तो वे हेल्थकेयर पेमेंट में बदलाव करेंगे, टैक्स में स्थायी कटौती करेंगे, बॉर्डर से जुड़े कानूनों को सख्त करेंगे और वोटिंग के नियमों को और कड़ा करेंगे। डलास में रिपब्लिकन सम्मेलन को संबोधित करते हुए ट्रंप ने अपने समर्थकों से कहा कि वे कांग्रेस के चुनाव को ऐसा ही समझें जैसे कि बैलेट पेपर पर उनका (ट्रंप का) नाम हो। ट्रंप ने कहा, "आपको यह मानकर चलना होगा कि मैं ही चुनाव लड़ रहा हूं। क्योंकि यह चुनाव सबसे महत्वपूर्ण चुनावों में से एक साबित होने वाला है। रिपब्लिकन पार्टी की जीत से उनका प्रशासन बड़ी हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों को दिए जाने वाले फेडरल पेमेंट को खत्म कर सकेगा। इसके बजाय, वह पैसा सीधे लोगों को दिया जाएगा।" उन्होंने कहा, "हम बड़ी हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों को किए जाने वाले सभी पेमेंट बंद कर देंगे और आपको सीधे पैसे देंगे ताकि आप अपनी हेल्थ केयर की सुविधा खुद खरीद सकें और आपके पास अपने लिए कुछ पैसे भी बच जाएं।" ट्रंप ने टैक्स में की गई कटौती को हमेशा के लिए लागू रखने का वादा किया। उन्होंने डेमोक्रेट्स पर टैक्स बढ़ाने और उनके प्रशासन की आर्थिक नीतियों को पलटने की कोशिश करने का आरोप लगाया। ट्रंप ने कहा, "हम टैक्स में की गई उन शानदार कटौतियों को बनाए रखेंगे। हम उन्हें हमेशा के लिए लागू करेंगे क्योंकि डेमोक्रेट्स उन सभी टैक्स कटौतियों को खत्म करना चाहते हैं।"

## हूती विद्रोहियों ने बाब अल मंदब जलडमरूमध्य में मायून द्वीप पर कब्जा किया



अदन। यमन के हूती विद्रोहियों ने शुक्रवार को बाब अल मंदब जलडमरूमध्य में रणनीतिक रूप से अहम मायून द्वीप पर कब्जा कर लिया। सिन्हुआ समाचार एजेंसी को सरकारी अधिकारी ने बताया कि सैनिकों के पीछे हटने के बाद हूती विद्रोहियों ने कार्रवाई की। नाम नहीं बताने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि हूती विद्रोही शुक्रवार तड़के कई नावों से द्वीप पर पहुंचे और बिना किसी सैन्य प्रतिरोध के उस पर कब्जा कर लिया। हूतियों ने पास के तट पर बख्तरबंद गाड़ियां और अन्य सैन्य उपकरण भी तैनात किए। अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को लाल सागर के बंदरगाह शहर मोचा पर हूती विद्रोहियों के कब्जे के बाद सरकारी सैनिकों के दक्षिण की ओर पीछे हटने पर हूती विद्रोही जलडमरूमध्य के पास धुबाब जिले में भी आगे बढ़ गई है।

## ब्रिटेन और इजरायल में क्यों ठन गई? नेतन्याहू की सरकार ने 11 अंग्रेज सांसदों पर लगाया बैन





ब्रिटेन और इजरायल के बीच हाल के दिनों मं तनाव काफी ज्यादा बढ़ गया है। गाजा में जारी जंग के दौरान आलोचनाओं से आगे बढ़कर अब बात सांसदों को बैन करने और व्यापार रोकने तक पहुंच गई है। हाल ही में ब्रिटेन ने वेस्ट बैंक इलाके में कब्जे वाले इलाकों में मौजूद इजरायली बस्तियों के साथ व्यापार पर रोक लगाने का फैसला किया है। हालांकि, अब इजरायल ने भी ब्रिटेन के खिलाफ कई कड़े कदम उठा लिए हैं। इजरायल ने भी कड़ा जवाब देते हुए ब्रिटेन के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए हैं। इजरायल ब्रिटेन के 11 सांसदों देश में आने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही मंगलवार को पूर्वी यरूशलम में मौजूद ब्रिटिश वाणिज्य दूतावास को भी बंद कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, ब्रिटेन के कुछ अन्य नागरिकों के भी इजरायल में एंट्री पर रोक लगा दी गई है। ब्रिटेन के विदेश मंत्री एड मिलिबैंड ने भी इस पूरे मुद्दे पर बयान जारी किया है। मिलिबैंड ने कहा है कि वह इजरायल द्वारा दिए गए प्रतिक्रिया से काफी निराश हैं। मिलिबैंड ने कहा- इजरायल की सरकार ने ऐलान किया है कि उस पर मुझे अफसोस है। हालांकि, हमने जो किया है, उस पर मुझे गर्व है और वह सही काम है। ब्रिटेन के इस फैसले के बाद फ्रांस और कनाडा के नेताओं ने भी ऐलान किया है कि वे भी ऐसे ही कदम उठाएंगे, ताकि वेस्ट बैंक में बस्तियों के विस्तार और बढ़ती हिंसा के कारण आगे चलकर फलस्तीनी राज्य का गठन असंभव न हो जाए। बता दें कि इससे पहले UAE समेत 8 मुस्लिम देशों ने भी एक संयुक्त बयान जारी कर के इजरायल की निंदी की थी।

# हूती विद्रोहियों ने Bab el-Mandeb Strait के मयून द्वीप पर जमाया कब्जा



सऊदी अरब से जारी संघर्ष के बीच हूती विद्रोहियों को बड़ी कामयाबी मिली है। हूती विद्रोहियों ने होर्मुज स्ट्रेट का अच्छा विकल्प समझी जाने वाली Bab el-Mandeb Strait के अहम द्वीप मयून आईलैंड पर कब्जा जमा लिया है। दिलचस्प है कि इसका दावा सिर्फ हूती विद्रोहियों ने नहीं किया, बल्कि यमन की अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सरकार ने भी इसकी पुष्टि कर दी है। यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार के एक सीनियर मिलिट्री अफसर ने बताया कि ईरान के समर्थन वाले हूती विद्रोहियों ने मयून द्वीप पर कब्जा जमा लिया है। जान लें कि यमन की सरकारी सेनाएं बीते गुरुवार को मयून द्वीप से हट गई थीं।

उधर, एक हूती अफसर ने भी पुष्टि करते हुए कहा कि विद्रोही उस द्वीप पर मौजूद हैं, जिसे पेरिम के नाम से भी जाना जाता है और जो यमन के वेस्टर्न कोस्ट से करीब 3.5 किलोमीटर दूर है। दोनों अफसरों ने नाम न बताने की शर्त पर बात की, क्योंकि उन्हें पत्रकारों से बात करने की इजाजत नहीं थी। गौरतलब है कि यह Bab el-Mandeb Strait, होर्मुज स्ट्रेट का एक महत्वपूर्ण विकल्प है क्योंकि अमेरिका और ईरान के संघर्ष की वजह से होर्मुज स्ट्रेट से व्यापार नहीं हो पा रहा है। यहां से दुनिया का करीब 20 फीसदी ईंधन सप्लाई होता था। लेकिन अब हूती विद्रोहियों का इस स्ट्रेट में स्ट्रैटेजिक पॉइंट पर कब्जा सभी व्यापारिक जहाजों के लिए खतरा बन गया है। हालांकि, हूती विद्रोहियों का कहना है कि उनका आगे बढ़ना सऊदी अरब के जहाजों को निशाना बनाने के प्रयास का हिस्सा है। अगर आप नक्शे पर देखेंगे तो आपको मयून द्वीप Bab el-Mandeb Strait के समंदर में यमन के पश्चिमी तट से करीब साढ़े तीन किलोमीटर पश्चिम में दिखाई देगा। खतरे की बात ये है कि अब जो भी जहाज Bab el-Mandeb Strait से निकलेंगे, उन्हें हूती विद्रोही पहले के मुकाबले आसानी से निशाना बना सकते हैं। दुनिया का लगभग 12 फीसदी व्यापार इसी के जरिए होता है।

# नेपाल में आई बाढ़ के बाद सबकुछ ठीक करने में कितना रुपया लगेगा? सरकार ने बताया अनुमान



काठमांडू। पिछले महीने 26 अगस्त को नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ से हुए नुकसान के बाद पुनर्निर्माण और पुनर्स्थापना के लिए 7.23 लाख करोड़ नेपाली रुपये की जरूरत होने का अनुमान लगाया गया है। सरकार द्वारा किए गए रैपिड डैमेज एंड नीड्स असेसमेंट (RDNA) रिपोर्ट के अनुसार, भोटेकोशी बाढ़ से क्षतिग्रस्त भौतिक बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण के लिए 7 खरब 23 अरब 31 करोड़ 52 लाख रुपये की आवश्यकता होगी। बता दें कि इस आपदा में अब तक 1,377 लोगों की मौत हो चुकी, जबकि इस विनाशकारी बाढ़ ने रसुवा, नुवाकोट और धादिंग समेत कई क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है। बाढ़ में लोगों के घर, खेत, कारोबार, सड़कें, पुल, ड्राई पोर्ट, मालवाहक कंटेनर और सीमा नाके पर पहुंचे वाहन तक बह गए। राष्ट्रीय योजना आयोग और राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण तथा प्रबंधन प्राधिकरण समेत विभिन्न निकायों की संयुक्त तकनीकी टीम ने यह प्रारंभिक आकलन तैयार किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, आपदा से सबसे ज्यादा प्रभावित बुनियादी ढांचा क्षेत्र के पुनरुद्धार के लिए 4 खरब 3 अरब 57 करोड़ 19 लाख रुपये की जरूरत होगी, जो कुल पुनरुद्धार आवश्यकता का करीब 75 प्रतिशत है। बाढ़ से ऊर्जा और सड़क बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान पहुंचा है। 759 मेगावाट क्षमता वाली 13 जलविद्युत परियोजनाएं और 24 मेगावाट क्षमता के 5 सौर संयंत्र प्रभावित हुए हैं। ऊर्जा और ग्रिड प्रणाली के पुनरुद्धार के लिए अकेले 3 खरब 90 अरब 62 करोड़ 30 लाख 40 हजार रुपये की आवश्यकता होने का अनुमान है। इसी तरह 69 किलोमीटर सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। 33 मोटरेबल पुल बह गए, जबकि चार पुलों को आंशिक नुकसान पहुंचा है।

# नेपाल से सामने आई दर्दनाक खबर, भीषण बाढ़ के बाद करीब 500 छात्र लापता, 31 शिक्षक संपर्कविहीन



नेपाल में 26 अगस्त को आई विनाशकारी बाढ़ के कारण रसुवा और नुवाकोट के करीब 500 विद्यार्थियों के लापता होने की बात सामने आई है। इनमें रसुवा जिले में 285 और नुवाकोट जिले में 224 छात्रों के अब तक संपर्कविहीन होने की जानकारी मिली है। रसुवा जिला प्रशासन के शिक्षा इकाई के अनुसार बाढ़ और आपदा के बाद जिले में अभी भी 285 विद्यार्थी संपर्क में नहीं आ पाए हैं। वहीं, लापता 17 शिक्षकों में से एक का शव बरामद हुआ है। रसुवा में 39 ऐसे विद्यार्थी हैं, जिनके माता-पिता दोनों ही संपर्कविहीन हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार रसुवा में चार स्कूल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें तीन सामुदायिक और एक संस्थागत विद्यालय हैं। जिन स्कूलों पर बाढ़ का असर नहीं पड़ा है, वहां पढ़ाई शुरू कर दी गई है। वहीं, चार-पांच स्कूलों को होल्डिंग सेंटर बनाया गया है, जहां फिलहाल कक्षाएं संचालित नहीं हो रही हैं। रसुवा के नौकुण्ड गांव में 27 अगस्त से, उत्तरगया में 9 सितंबर से, कालिका में 7 सितंबर से और आमाछोदिङ्गो में 9 सितंबर से पढ़ाई शुरू हो चुकी है। वहीं, गोसाइंकुंड गांव में 11 सितंबर से कक्षाएं शुरू करने की तैयारी है। शिक्षा विभाग ने बताया कि पूरी तरह क्षतिग्रस्त स्कूलों के विद्यार्थियों को दूसरे स्कूलों में स्थानांतरित कर पढ़ाने की तैयारी है। इसके लिए आवासीय व्यवस्था में पढ़ाई कराने की योजना बनाई जा रही है। बाढ़ प्रभावित नुवाकोट जिले में 224 विद्यार्थी और 11 शिक्षक अब भी संपर्कविहीन हैं। जिला प्रशासन के शिक्षा इकाई के अनुसार जिले में 10 स्कूलों को नुकसान पहुंचा है, जिनमें दो संस्थागत विद्यालय हैं। इन 10 स्कूलों को फिलहाल होल्डिंग सेंटर बनाया गया है। नुवाकोट में भी जिन स्कूलों पर बाढ़ का असर नहीं पड़ा है, वहां पढ़ाई शुरू हो गई है। विदुर नगरपालिका में आज से स्कूल खोल दिए गए हैं। क्षतिग्रस्त स्कूलों के विद्यार्थियों को वैकल्पिक माध्यम से पढ़ाने की योजना बनाई गई है। बता दें कि हाल ही में नेपाल में सैलाब से हुए नुकसान की शुरुआती रिपोर्ट संसदीय समिति में पेश की गई थी। जिला शिक्षा विभाग ने बताया कि सरकारी और गैरसरकारी संस्थाओं के सहयोग से विद्यार्थियों की पढ़ाई जारी रखने की तैयारी की जा रही है। त्रिभुवन त्रिशूली माध्यमिक विद्यालय में 17 सितंबर से कक्षाएं शुरू करने की तैयारी है। क्षतिग्रस्त स्कूलों को भवन या जमीन उपलब्ध कराकर जल्द से जल्द दोबारा संचालित करने की योजना है। स्थानीय लोगों के सामुदायिक भवनों और प्रदेश सरकार की ओर से भी जमीन उपलब्ध कराने की बात कही गई है।

# हूतियों के सऊदी अरब पर हमले से पाकिस्तान बौखलाया, ईरान को दे दी बड़ी चेतावनी





सना। मिडिल ईस्ट में हूती विद्रोहियों की बढ़ती गतिविधियों और सऊदी अरब पर उसके ताजा हमलों ने पाकिस्तान की टेंशन बढ़ा दी है। सऊदी अरब पर हूतियों के हमले के बाद पाकिस्तान ने ईरान को चेतावनी दी है। पाकिस्तान ने सऊदी अरब के साथ अपने डिफेंस पैक्ट का हवाला देते हुए ईरान से हूतियों पर नियंत्रण रखने को कहा है। इसी बीच यमन के मोचा शहर पर हूतियों के कब्जे ने लाल सागर और बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट के आसपास भी चिंता बढ़ा दी है। हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब पर हमला किया, जिसमें 73 लोगों के घायल होने की बात सामने आई है। हमले के बाद सऊदी अरब ने भी यमन में जवाबी हवाई हमला किया है। सऊदी पर हुए हमले को लेकर पाकिस्तान ने साफ रुख अपनाया है। उसने अपने और सऊदी अरब के बीच हुए रक्षा समझौते यानी डिफेंस पैक्ट का हवाला देते हुए ईरान से हूती विद्रोहियों को नियंत्रित करने की मांग की है। पाकिस्तान का सऊदी अरब के साथ रक्षा समझौता है। पाकिस्तान ने इसी समझौते का हवाला देते हुए कहा है कि सऊदी अरब पर हमला होने की स्थिति में यह डिफेंस पैक्ट सक्रिय हो सकता है। यानी पाकिस्तान का संदेश साफ है कि अगर हूतियों की ओर से सऊदी अरब के खिलाफ हमले जारी रहते हैं, तो स्थिति गंभीर हो सकती है। पाकिस्तान ने ईरान से कहा है कि वह हूतियों पर अपना प्रभाव इस्तेमाल करे और उन्हें सऊदी अरब पर हमले करने से रोके। इसी बीच हूती विद्रोहियों ने यमन के मोचा शहर पर कब्जा कर लिया है। मोचा लाल सागर के पास बसा एक महत्वपूर्ण शहर है। इसकी भौगोलिक स्थिति के कारण इस पर हूतियों की पकड़ को रणनीतिक तौर पर अहम माना जा रहा है। मोचा पर कब्जे के बाद हूतियों की बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट तक पहुंच बढ़ सकती है। बाब-अल-मंदेब बेहद अहम समुद्री रास्ता है, जो लाल सागर को अदन की खाड़ी से जोड़ता है। बता दें कि सऊदी अरब पर हूती लगातार हमले कर रहे हैं जिससे ये सवाल भी उठने लगे हैं कि क्या पाकिस्तान-सऊदी और तुर्की के डिफेंस पैक्ट की हवा निकल गई है।

# 11 हमलों में मारे गए 12 से अधिक पाकिस्तानी सैनिक, बीएलएफ का दावा

क्वेटा। बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने दावा किया है कि पिछले कुछ दिनों में बलूचिस्तान के विभिन्न इलाकों में किए गए 11 हमलों में एक पुलिस अधिकारी समेत 12 से अधिक पाकिस्तानी सुरक्षा कर्मियों को मार दिया गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, संगठन ने एक पुलिस थाने और संचार ढांचे को भी निशाना बनाने का दावा किया है। गुरुवार को जारी एक बयान में बीएलएफ के प्रवक्ता मेजर ग्वाहराम बलोच ने कहा कि 15 अगस्त से 9 सितंबर के बीच चागई, सुराब, अवारान, खुजदार, रक्षान, केच, क्वेटा और बरखान सहित कई क्षेत्रों में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ अभियान चलाए गए। बयान के अनुसार, 9 सितंबर को बीएलएफ लड़ाकों ने चागई जिले के बरामचा क्षेत्र स्थित तलारान पुलिस स्टेशन पर नियंत्रण कर लिया। संगठन का दावा है कि पुलिसकर्मियों को हिरासत में लेकर उनके हथियार, उपकरण और एक वाहन जब्त कर लिया गया था। संगठन ने कहा कि बाद में चेतावनी देकर सभी हिरासत में लिए गए पुलिसकर्मियों को बिना किसी नुकसान के रिहा कर दिया गया। बीएलएफ ने यह भी दावा किया कि उसी दिन सुराब के गिदार क्षेत्र में एक ग्रिड स्टेशन के पास पाकिस्तानी सेना के काफिले पर घात लगाकर हमला किया गया, जिसमें सुरक्षा बलों को भारी नुकसान हुआ। संगठन ने 4 सितंबर को खुजदार के मुघाली क्रॉस पर पाकिस्तानी सैन्य काफिले पर किए गए हमले की जिम्मेदारी भी ली। उसके अनुसार इस कार्रवाई में छह सैनिक मारे गए।

# यूक्रेन पर रूस के हमले जारी, शॉपिंग मॉल के पास ड्रोन से किया हमला, पांच की मौत

कीव। यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने बताया कि रूस ने पावलोहराद में ड्रोन हमले कर कम से कम पांच लोगों की जान ले ली और 67 लोग घायल हो गए। यूक्रेनी मंत्री ने कहा कि शॉपिंग मॉल के पास दिनदहाड़े नागरिकों को निशाना बनाया गया, जो नागरिकों के खिलाफ जानबूझकर किया गया आतंक है। यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट पर लिखा, ''रूस ने पावलोहराद में ड्रोन हमले करके पांच लोगों की जान ले ली। हमलों में 67 लोग घायल हुए हैं। दिनदहाड़े ड्रोन हमलों में शॉपिंग मॉल के पास मौजूद आम नागरिकों को निशाना बनाया गया। इसे नागरिकों के खिलाफ जानबूझकर किया गया आतंक फैलाने वाला हमला बताया गया है।'' सिबिहा ने कहा कि रूस लगातार उन जगहों पर हमले कर रहा है, जहां उसे पता है कि लोग अपनी रोजमर्रा की जिंदगी के कामों में व्यस्त होंगे। इसका मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों को नुकसान पहुंचाना, डर फैलाना और यूक्रेनी समाज पर दबाव बनाना है। उन्होंने बताया कि पूरे यूक्रेन में हवाई हमलों की चेतावनियां लगातार जारी हैं। रूस लगातार बड़ी संख्या में ड्रोन लॉन्च कर रहा है और कुछ मामलों में तो सीधे उत्पादन केंद्रों से ही उन्हें भेजा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मॉस्को ऐसा इसलिए कर पा रहा है क्योंकि उसके पास अभी भी मिसाइलें, ड्रोन, उनके पुर्जे, पर्याप्त धन और बिना किसी डर के कार्रवाई करने की क्षमता मौजूद है। सिबिहा ने कहा कि यूक्रेन को तुरंत अतिरिक्त एयर डिफेंस सिस्टम और उन्हें चलाने के लिए जरूरी इंटरसेप्टर मिसाइलों की जरूरत है।

# 'घर पर बच्चों को संभाल रहीं उषा,' डलास में रिपब्लिकन मध्यावधि सम्मेलन के मंच से बोले जेडी वेंस



वॉशिंगटन। उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने अमेरिकी पारिवारिक मूल्यों का समर्थन किया है। उन्होंने नवंबर में होने वाले मध्यावधि चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी की जीत की अपील करने के लिए अपनी पत्नी ऊषा और अपने नवजात बेटे को राजनीतिक चर्चा के केंद्र में ला दिया। डलास में रिपब्लिकन मध्यावधि सम्मेलन के दौरान वेंस ने बताया कि उनकी पत्नी उषा उनके परिचय के लिए (मंच पर) नहीं आ सकीं। उन्होंने कहा कि उषा इस समय अपने छह हफ्ते के नवजात बेटे और तीन अन्य छोटे बच्चों की देखरेख में व्यस्त हैं। वेंस ने कहा, "जुलाई में, मेरी खूबसूरत उषा ने एक बेटे, छोटे एलेक, को जन्म दिया - बस छह सप्ताह पहले।" उन्होंने कहा कि आयोजकों ने उषा से तब संपर्क किया था जब उनका बेटा सिर्फ दो हफ्ते का था। वेंस ने कहा, "उन्होंने कहा, 'बिल्कुल नहीं! मुझे चार बच्चों की देखभाल करनी है।' लेकिन वह अपना प्यार भेज रही हैं और मुझे पता है कि वह घर से देख रही हैं।" उपराष्ट्रपति ने परिवार की इस कहानी का इस्तेमाल एक बड़ी बात कहने के लिए किया, जिसे उन्होंने अमेरिकी बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार बताया। उन्होंने कहा, "देवियों और सज्जनों, मैंने इस बात पर बहुत सोचा है कि अमेरिकियों में सबसे नए सदस्य, मेरे छोटे बेटे का जन्मसिद्ध अधिकार क्या है। वह अब हमारा साथी नागरिक है, भले ही उसे यह पता न हो।" उन्होंने अपनी चार साल की बेटी मीरा के बारे में बात की, जो अपने भाई को खाना खिलाना चाहती थी, और बड़े बच्चों के बारे में बताया जो नवजात को मुस्कुराते हुए देख रहे थे। उन्होंने कहा, "इसी परिवार के बीच मैंने उषा को उन चार बच्चों के साथ बहुत धैर्य दिखाते हुए देखा है।"

# खेल समाचार

## सबालेंका के खिलाफ फाइनल में पूरी ऊर्जा के साथ उतरना होगा: एलेना रायबाकिना

यूएस ओपन 2026 महिला एकल का फाइनल दुनिया की नंबर 1 एलेना रायबाकिना और नंबर 2 एरिना सबालेंका के बीच रविवार (आईएसटी के मुताबिक) को होना है। रायबाकिना पहली बार फाइनल में पहुंची हैं, जबकि सबालेंका लगातार अपना तीसरा यूएस ओपन खिताब जीतने की कोशिश में हैं। सेमीफाइनल के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में सबालेंका के साथ होने वाले फाइनल को लेकर रायबाकिना ने कहा, "मुझे सबालेंका के खिलाफ अपनी पूरी ऊर्जा लगानी होगी। हम कई बार खेले हैं। हमने पहले भी अभ्यास किया है। वह बहुत आक्रामक खिलाड़ी हैं।" उन्होंने कहा, "उनके साथ मानसिक और शारीरिक रूप से खेलना मुश्किल है। उनका गेम बड़ा है, सर्व बड़ा है, और मुझे अपनी पूरी ऊर्जा के साथ आना होगा। एरिना के खिलाफ अपनी बेस्ट सर्व लानी होगी और सही समय पर सही फैसले लेने होंगे क्योंकि ज्यादातर समय स्कोर टाइट होता है और यहीं पर फैसले से फर्क पड़ता है। हम देखेंगे कि क्या होने वाला है, लेकिन मैं निश्चित रूप से अपनी पूरी कोशिश करूंगी और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी।" दोनों डब्ल्यूटीए टूर पर 18वीं बार आमने-सामने होंगी। सबालेंका 10-7 से आगे हैं। वे मेजर फाइनल में भी तीसरी बार मिलेंगी, पिछले दो मुकाबलों का हिसाब बराबर है।

## 'सिर्फ खेलने नहीं, दम दिखाने उतरेंगे'- भारत के खिलाफ ऐतिहासिक मैच से पहले जापान के कप्तान केंडल फ्लेमिंग का बयान



भारतीय टीम एशियन गेम्स 2026 के लिए जल्द ही जापान के दौरे पर जाएगी। इस टूर्नामेंट के सभी मुकाबले निशिन के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले जाएंगे। एशियन गेम्स 2026 से पहले भारतीय टीम जापान के साथ एकमात्र ऐतिहासिक T20I मैच खेलेगी। इस मैच को लेकर जापान के कप्तान केंडल कादोवाकी-फ्लेमिंग ने बड़ा बयान दिया है।

साथ ही में युवा आल राउंडर चार्ली हारा-हिंजे ने भी इस मैच को लेकर अपने दिल की बात कही है। बता दें कि भारत और जापान के बीच ये ऐतिहासिक मुकाबला 22 सितंबर को खेला जाएगा। जापान के कप्तान केंडल कादोवाकी-फ्लेमिंग और 17 साल के युवा खिलाड़ी चार्ली हारा-हिंजे का मानना है कि भारत के खिलाफ होने वाला टी20 मैच सिर्फ एक यादगार पल नहीं है, बल्कि यह जापान में क्रिकेट की नई शुरुआत कर सकता है। जापान में वैसे तो बेसबॉल सबसे लोकप्रिय खेल है, लेकिन भारतीय टीम पहली बार वहां इंटरनेशनल मैच खेलने जा रही है। सानो के मैदान पर होने वाला यह मुकाबला एशियन गेम्स से ठीक पहले खेला जाएगा। खिलाड़ियों को उम्मीद है कि इतने बड़े मैच से देश के बच्चों और युवाओं में क्रिकेट के प्रति दिलचस्पी बढ़ेगी और आने वाले सालों में जापान में भी क्रिकेट एक बड़ा खेल बनकर उभरेगा। उन्होंने बताया कि कुछ साल पहले तक ऐसे बड़े देशों के खिलाफ मैच आयोजित करने के बारे में सोचना भी मुश्किल था।

## एशियन गेम्स 2026 से पहले डोपिंग का साया, भारत के युवा तैराक पर लगा 18 महीने का बैन



एशियन गेम्स में देश के लिए उतरने का सपना देख रहे 17 साल के भारतीय तैराक को बड़ा झटका लगा है। डोप टेस्ट में प्रतिबंधित पदार्थ पाए जाने के बाद उस पर 18 महीने का प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ ही वह इसी महीने जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियन गेम्स में हिस्सा नहीं ले पाएगा।

इस युवा तैराक ने एशियन गेम्स के लिए दो स्पर्धाओं में क्वालिफाई किया था और महाद्वीपीय खेलों के लिए तैयार की गई संभावित खिलाड़ियों की सूची में भी उसका नाम शामिल था। हालांकि, फरवरी में लिए गए उसके सैंपल में प्रतिबंधित पदार्थ टरब्यूटालिन की मौजूदगी सामने आई। यह बीटा-2 एगोनिस्ट है, जिसे एंटी-डोपिंग नियमों के तहत प्रतिबंधित किया गया है। सैंपल में प्रतिबंधित पदार्थ मिलने के बाद तैराक का नाम एशियन गेम्स के प्रतिभागियों की सूची से हटा दिया गया था। इसके बाद पिछले सप्ताह मामले की सुनवाई हुई और बुधवार सुबह उसे 18 महीने के निलंबन की सजा सुनाई गई। स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (SFI) से जुड़े एक सूत्र ने PTI को बताया कि तैराक को इस साल की शुरुआत में ही डोपिंग उल्लंघन की जानकारी दे दी गई थी, लेकिन मामले की सुनवाई पिछले सप्ताह ही हो सकी। इसके बाद बुधवार सुबह प्रतिबंध की घोषणा की गई। SFI ने सुनवाई की प्रक्रिया जल्द पूरी कराने की कोशिश की थी, ताकि अगर नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी यानी NADA की ओर से उसे क्लीन चिट मिलती है, तो वह एशियन गेम्स में हिस्सा ले सके। लेकिन अब 18 महीने के बैन के कारण उसकी एशियन गेम्स में भागीदारी का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। दिलचस्प बात यह है कि इस तैराक का जुड़वां भाई भारतीय एशियन गेम्स टीम का हिस्सा है।

# वुमेंस एशिया कप फाइनल में भारत का श्रीलंका से होगा सामना, शर्मनाक हार के बाद बाहर हुआ पाकिस्तान



वुमेंस एशिया कप 2026 का दूसरा सेमीफाइनल दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच खेला गया। इस मैच में श्रीलंका ने पाकिस्तान को 4 विकेट से रौंदते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की। भारत पहले ही बांग्लादेश को हराकर फाइनल में अपनी जगह बना चुका है और अब खिताबी जंग में उनका सामना श्रीलंका से होगा। भारत और श्रीलंका के बीच ये फाइनल मैच 13 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 130/5 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका ने इस टारगेट को 6 विकेट के नुकसान पर 18.4 ओवर में हासिल कर लिया। इस हार के साथ ही पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है। मुकाबले की बात करें तो पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 130 रन बनाए। टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही और 17 ओवर तक पाकिस्तान की 5 विकेट पर सिर्फ 96 रन ही बन पाई थी। इसके बाद कप्तान फातिमा सना ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 36 गेंदों में 4 चौके और 2 छक्कों की मदद से 47 रनों की शानदार पारी खेली। उनका साथ तुबा हसन ने दिया, जो 12 रन बनाकर नाबाद रहीं। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठे विकेट के लिए आखिरी 24 गेंदों में 38 रनों की अटूट साझेदारी हुई, जिससे पाकिस्तान की टीम एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच पाई। श्रीलंका की तरफ से कप्तान चमारी अट्टापट्टू ने 2 विकेट लिए। 131 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। दूसरे ओवर में फातिमा सना ने लगातार दो गेंदों पर कप्तान चमारी अटापट्टू और संजना कविंदी को आउट करके श्रीलंका को शुरुआती झटके दिए। संजना इस मैच में अपना खाता भी नहीं खोल पाई। इसके बाद छठे ओवर तक 33 रन के स्कोर पर श्रीलंका के चार बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे। शुरुआती झटकों के बाद हर्षिता समरविक्रमा और कविशा दिलहरी ने पारी को संभाला। हर्षिता ने 36 और कविशा ने 33 रन बनाए और दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 67 रनों की अहम साझेदारी हुई, जिसने श्रीलंका की जीत लगभग तय कर दी। अंत में फातिमा सना ने दोनों को आउट कर श्रीलंका का स्कोर 109 रन पर 6 विकेट तो कर दिया, लेकिन तब तक मैच पाकिस्तान की पकड़ से बाहर हो चुका था। नीलाक्षी सिल्वा 10 बॉल पर 18 रन बनाकर नाबाद लौटी। पाकिस्तान की तरफ से गेंदबाजी में फातिमा सना ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। श्रीलंका की जीत में उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों की भूमिका निर्णायक रही। शुरुआती झटकों के बाद हर्षिता समरविक्रमा और कविशा दिलहरी ने जिस तरह पारी को संभाला, उससे टीम दबाव से बाहर निकलने में सफल रही। दोनों के बीच हुई साझेदारी ने पाकिस्तान की गेंदबाजी पर दबाव बनाया और लक्ष्य को आसान कर दिया। पाकिस्तान की ओर से फातिमा सना ने गेंद और बल्ले दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने चार विकेट लेकर श्रीलंका के शीर्ष क्रम को परेशानी में डाला और बल्लेबाजी में भी 47 रनों की अहम पारी खेली। हालांकि उनके इस ऑलराउंड प्रदर्शन के बावजूद टीम लक्ष्य का बचाव नहीं कर सकी।

## रजाउल्लाह ने 43 गेंदों में जड़ी फिफ्टी, डेब्यू टेस्ट में एक पारी में 9 छक्के लगाकर की वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी



एजबेस्टन के स्टेडियम में इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच खेले जा रहे टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले के तीसरे दिन का खेल खत्म होने पर पाकिस्तानी टीम अपनी दूसरी पारी में 449 रन बनाकर सिमट गई थी। इसी के साथ ही अब मेजबान इंग्लैंड को जीत हासिल करने के लिए मैच की चौथी पारी में 130 रनों का टारगेट हासिल करना होगा। तीन मैचों की इस टेस्ट सीरीज के पहले दो मुकाबलों में पाकिस्तानी टीम की तरफ से काफी खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन देखने को मिला था, लेकिन तीसरे टेस्ट में पाक टीम अपनी दूसरी पारी में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन बल्लेबाजी में करने में कामयाब हो सकी, जिसमें डेब्यू टेस्ट मुकाबला खेल रहे तेज गेंदबाज रजाउल्लाह का नाम भी शामिल है, जिन्होंने गेंद के साथ बल्ले से भी ऐसा कमाल दिखाया जिसके दम पर वह वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी करने में कामयाब हो गए। पाकिस्तानी टीम जो एजबेस्टन टेस्ट में अपनी पहली पारी में 133 रनों के स्कोर पर सिमट गई थी और उसके जवाब में इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 453 रन बनाने के साथ बड़ी बढ़त हासिल कर ली थी। ऐसे में पाकिस्तानी टीम पर पारी से हार का खतरा मंडरा था जिसमें उन्होंने तीसरे दिन के खेल में 312 के स्कोर तक 7 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे रजाउल्लाह ने एक छोर को संभालने के साथ आक्रामक बैटिंग की जिसमें उन्होंने मोहम्मद अब्बास के साथ मिलकर 9वें विकेट के लिए 121 रनों की साझेदारी की और टीम से पारी की हार के खतरे को भी टाल दिया। रजाउल्लाह ने सिर्फ 63 गेंदों का सामना करते हुए 81 रनों की पारी खेली जिसमें वह 4 चौके और 9 छक्के लगाने में कामयाब रहे। इसी के साथ रजाउल्लाह डेब्यू टेस्ट की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी भी करने में कामयाब रहे जिसमें उनसे पहले साल 2008 में टिम साउदी ने इंग्लैंड के खिलाफ ही टेस्ट में डेब्यू करते हुए एक पारी में 9 छक्के लगाए थे। रजाउल्लाह ने बर्मिंघम टेस्ट में पाकिस्तान की दूसरी पारी में अपनी फिफ्टी सिर्फ 43 गेंदों में पूरी कर ली थी, जिसके बाद वह टेस्ट डेब्यू मैच में पाकिस्तान की तरफ से सबसे कम गेंदों में फिफ्टी लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ने पाकिस्तान के उड़ाए तोते, जूनियर एशिया कप मैच में 19-0 के अंतर से चटाई धूल



चीन में चल रहे जूनियर हॉकी एशिया कप 2026 में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने क्वार्टर फाइनल मैच में पाकिस्तान को एकतरफा 19-0 के अंतर से मात देने के साथ सेमीफाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया है। खेल के मैदान पर एकबार फिर से भारत का दबदबा पाकिस्तान के खिलाफ साफतौर पर देखने को मिला। इस मैच में भारत की तरफ से कुल 13 खिलाड़ियों ने गोल किए जिसमें सबसे ज्यादा तीन गोल पूजा मलिक करने में कामयाब रहीं। वहीं अब भारतीय महिला हॉकी टीम की सेमीफाइनल में भिड़ंत साउथ कोरिया और मलेशिया की टीम के बीच में खेले जाने वाले क्वार्टर फाइनल मैच में जीत हासिल करने वाली टीम से होगी। पाकिस्तान महिला हॉकी टीम के खिलाफ जूनियर एशिया कप के मुकाबले में भारतीय टीम का पहले ही हाफ से दबदबा देखने को मिला, जिसमें खेल के 7वें मिनट में टीम इंडिया की तरफ से मुकाबले का पहला गोल पूजा साहू ने किया और इसके बाद भारतीय महिला खिलाड़ियों ने लगातार अंतराल पर गोल करना जारी रखा। हाफ टाइम पर जब खेल रोका गया तो उस समय तक भारतीय टीम की तरफ से मुकाबले में कुल 10 गोल किए जा चुके थे। इसके बाद अगले 2 क्वार्टर में भारत की तरफ से 9 और गोल किए गए तो वहीं पाकिस्तानी महिला हॉकी टीम मैच में पूरी तरह से बेबस नजर आई और एक भी गोल करने में कामयाब नहीं हो सकी। भारतीय महिला हॉकी टीम की तरफ से इस मैच में सबसे ज्यादा तीन गोल पूजा मलिक ने किए तो वहीं रोशनी, सानिका, मधु, सुप्रिया ने 2-2 गोल किए। भारतीय महिला हॉकी टीम जो जूनियर एशिया कप में डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में खेल रही है, उसकी नजरें लगातार तीसरी बार खिताब जीतने पर हैं। टीम इंडिया ने इससे पहले साल 2023 और 2024 में महिला जूनियर एशिया कप के खिताब को अपने नाम किया था।

## दूसरे सेमीफाइनल में श्रीलंका ने जीता टॉस, पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी करने को कहा



दुबई। विमेंस एशिया कप 2026 के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में श्रीलंका की भिड़ंत पाकिस्तान के साथ हो रही है। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने टॉस जीतकर पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया है। श्रीलंका का प्रदर्शन टूर्नामेंट में अब तक शानदार रहा है। ग्रुप स्टेज में श्रीलंका ने खेले सभी मुकाबलों को जीतकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया है। टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू अच्छी लय में दिखाई दी हैं। बल्ले के साथ-साथ गेंद से भी उनका प्रदर्शन कमाल का रहा है। इंडोनेशिया के खिलाफ श्रीलंकाई कप्तान ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 5 रन देकर 7 विकेट चटकाए थे। वहीं, हर्षिता समरविक्रमा ने बांग्लादेश के खिलाफ 48 रनों की नाबाद पारी खेली थी। चमुदी प्रबोधा ने भी बांग्लादेश के खिलाफ बढ़िया गेंदबाजी करते हुए 21 रन देकर 3 विकेट चटकाए थे। वहीं, सुगंधिका कुमारी ने भी 2 विकेट निकाले थे। दूसरी ओर, पाकिस्तान ने ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में हांगकांग, चीन के खिलाफ 72 रनों की बड़ी जीत दर्ज की थी।

## डीडीसीए ने 2025-26 सीजन के लिए 1.43 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दी

दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) ने 2025-26 सीजन के लिए क्लबों और खिलाड़ियों को कुल 1.43 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दी। एसोसिएशन ने इस बार सभी कैटेगरी में पुरस्कार राशि में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। ये पुरस्कार गुरुवार को अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित सालाना पुरस्कार वितरण समारोह में दिए गए। इसमें डीडीसीए के अलग-अलग टूर्नामेंट में चैंपियन, रनर-अप और बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया। समारोह में डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली, सचिव अशोक शर्मा, उपाध्यक्ष शिखा कुमार, कोषाध्यक्ष हरीश सिंगला और संयुक्त सचिव अमित ग्रोवर भी मौजूद रहे। महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए डीडीसीए ने एक बड़ा फैसला लिया। पहली बार महिला टी20 लीग में खेलने वाले क्लबों के लिए भी पुरस्कार राशि शुरू की गई है। टूर्नामेंट के 10 ग्रुपों में से प्रत्येक ग्रुप की विजेता टीम को 2 लाख रुपये जबकि उपविजेता टीम को 1.75 लाख रुपये दिए गए। रोहन जेटली ने कहा, "डीडीसीए दिल्ली में क्रिकेट को हर स्तर पर मजबूत बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। कड़ी मेहनत करने और बड़ी सफलता हासिल करने की प्रेरणा मिलती है।"

## वैभव सूर्यवंशी को प्लेइंग XI से बाहर करो, संजू सैमसन को मिले मौका- IND vs AFG सीरीज से पहले रहाणे का बयान



भारत और अफगानिस्तान के बीच टी20 सीरीज की शुरुआत 13 सितंबर से होने वाली है। इस सीरीज की शुरुआत से पहले टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने अफगानिस्तान सीरीज के लिए प्लेइंग XI को लेकर अपनी राय रखी है। रहाणे का ,मानना है कि भारत को अफगानिस्तान सीरीज के लिए वैभव सूर्यवंशी को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखना चाहिए। उन्होंने इसके पीछे की वजह भी बताई है। बता दें कि युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी 15 साल की उम्र में ही भारतीय टीम के लिए डेब्यू कर चुके हैं। अजिंक्य रहाणे ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि मुझे लगता है कि जिस टॉप-3 ने वर्ल्ड कप में खेला था, उसे ही टॉप-3 में रहना चाहिए। सैमसन ने अच्छा किया, उसके बाद उन्हें ड्रॉप कर दिया गया। शायद दो या तीन खराब पारियां, लेकिन उसके बाद वो ड्रॉप हुए। लेकिन मैं चाहता हूं कि सैमसन को दोबारा मौका मिले। अभिषेक शर्मा और ईशान किशन, जिन्होंने हमारे लिए अच्छा किया है, उन्हें मौका मिलना चाहिए। सूर्यवंशी को मौका मिलेगा। उसका समय आएगा। लेकिन अभी के लिए मुझे लगता है कि टॉप-3 में संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन होने चाहिए। जिन्होंने वर्ल्ड कप में अच्छा योगदान दिया था। बता दें कि टी20 वर्ल्ड कप 2026 के बाद से भारत अपने टॉप ऑर्डर में बदलाव करता रहा है। सैमसन, अभिषेक और ईशान की तिकड़ी ने टीम के लिए काफी अच्छा किया है। सैमसन को यूके दौरे पर लगातार तीन मैचों में खराब प्रदर्शन के कारण ड्रॉप कर दिया गया था। जिसके बाद वैभव को मौका मिला लेकिन आखिरी टी20 मैच में सैमसन की वापसी हुई थी। हालांकि वैभव ने जिम्बाब्वे दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया था। उस सीरीज में वह दो अर्धशतक लगाने में कामयाब रहे थे और इसके लिए वैभव को प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड मिला। अफगानिस्तान की मेजबानी में भारत के खिलाफ तीन मैचों की T20 सीरीज खेली जाएगी। ये सभी मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 13, 15 और 17 सितंबर को खेले जाएंगे। चोटिल तेज गेंदबाज हर्षित राणा की जगह अब यश ठाकुर को भारतीय T20 टीम और एशियन गेम्स के लिए शामिल किया गया है। वहीं, स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पूरी तरह फिट हो चुके हैं। बुमराह अफगानिस्तान सीरीज में खेलते हुए नजर आएंगे।

# क्या हर दिन अलग-अलग समय पर सोना हार्ट के लिए कितना हानिकारक है? जानें क्या कहते हैं डॉक्टर



आजकल लोगों की लाइफस्टाइल इतनी बिगड़ चुकी है कि न लोगों का सोने का समय फिक्स है और न ही जागने का। कई लोग ऐसे हैं जो फोन चलाने के चक्कर में रात को 2 बजे सोते हैं और सुबह देर से उठते हैं। लेकिन शायद उन्हें ये नहीं मालूम है कि वो अपने स्वास्थ्य के साथ कैसा खिलवाड़ कर रहे हैं। रोजाना सोने और जागने का समय बहुत ज्यादा बदलना लंबे समय में दिल की सेहत पर बुरा असर डाल सकता है। सिर्फ यह मायने नहीं रखता कि हम कितने घंटे सोते हैं, बल्कि कब सोते हैं और हमारी नींद पूरी हो रही है या नहीं, यह भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में डॉ. राशि खरे, अतिरिक्त निदेशक इंटरवेंशन कार्डियोलॉजी और हार्ट फेलियर प्रोग्राम, फोर्टिस हॉस्पिटल, शालीमार बाग बता रही हैं कि हर दिन अलग-अलग समय पर सोने से हार्ट पर क्या असर पड़ता है। चलिए जानते हैं। हमारे शरीर की एक प्राकृतिक जैविक घड़ी होती है जिसे सर्केडियन रिदम कहते हैं। जब हम कभी बहुत जल्दी, कभी देर रात और कभी सुबह तक जागते हैं, तो यह नेचुरल रिदम को प्रभावित करता है। इससे नींद की गुणवत्ता खराब होने के साथ-साथ ब्लड प्रेशर, हार्मोन, तनाव और शरीर के मेटाबॉलिज्म पर भी असर पड़ सकता है। लंबे समय तक अनियमित नींद की आदत मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का भी कारण बनती है। जो आगे चलकर हार्ट से जुड़ी समस्याओं का कारण बन सकता है। खासकर जो लोग नियमित रूप से रात की शिफ्ट में काम करते हैं, देर रात तक जागते हैं या वीकेंड पर और छुट्टियों में सोने का समय बहुत ज्यादा बदलते हैं, उन्हें अपनी स्लीप रूटीन पर खास ध्यान देना चाहिए। इसका मतलब यह नहीं है कि एक-दो दिन देर से सोने से दिल को नुकसान हो जाएगा। समस्या तब होती है जब अनियमित नींद लगातार हमारी लाइफस्टाइल का हिस्सा बन जाती है। एक स्वस्थ वयस्क को आमतौर पर 7–9 घंटे की पर्याप्त और अच्छी गुणवत्ता वाली नींद लेनी चाहिए। कोशिश करें कि रोजाना लगभग एक ही समय पर सोएं और जागें, यहां तक कि वीकेंड में भी। सोने से पहले मोबाइल का इस्तेमाल कम करें। वहीं देर शाम कैफीन का सेवन करने से बचना चाहिए।

# अजवाइन किस बीमारी को ठीक करने में मदद करती है

ज्यादातर घरों में आपको अजवाइन मिल जाएगी। अजवाइन एक मसाला है जिसका इस्तेमाल खाना पकाने और कई घरेलू नुस्खों में भी किया जाता है। अजवाइन खाने के कई फायदे हैं। कहा जाता है कि अकेली अजवाइन ही सैकड़ों तरह के अन्न को हजम करने में मदद करती है। आचार्य बालकृष्ण के मुताबिक अजवाइन कई बीमारियों को ठीक करने में भी असरदार काम करती है। आयुर्वेद में अजवाइन के बीजों का इस्तेमाल औषधि के रूप में किया जाता है। अजवाइन को मसाला, चूर्ण, काढ़ा और अजवाइन का पानी के रूप में इस्तेमाल करने से फायदे मिलते हैं।

सीने की जलन में फायदा- अजवाइन का इस्तेमाल एसिडिटी और पेट में जलन को कम करने में असरदार होता है। ज्यादा तेल मसालेदार खाने के बाद सीने में जलन से परेशान रहते हैं तो इसके लिए 1 ग्राम अजवाइन और बादाम की 1 गिरी को खूब चबा-चबा कर या पीस कर खाएं। इससे फायदा होता है।

पेट की बीमारियों में असरदार- जिन लोगों को पेट संबंधी रोग बने रहते हैं उन्हें अजवाइन का सेवन जरूर करना चाहिए। इसके लिए आप 1 हिस्सा अजवाइन, उसका आधा हिस्सा काली मिर्च और सेंधा नमक को मिलाकर पीस लें। अब इसे गुनगुने पानी के साथ 1-2 ग्राम की मात्रा में लेना है। सुबह-शाम इस अजवाइन वाले चूर्ण को खाने से पेट संबंधी रोग ठीक होते हैं।

पाचनतंत्र के लिए अजवाइन- जिनका पाचनतंत्र सही नहीं रहता वो अजवाइन का सेवन कर सकते हैं। इसके लिए 80 ग्राम अजवाइन, 40 ग्राम सेंधा नमक, 40 ग्राम काली मिर्च, 40 ग्राम काला नमक, 500 मिग्रा यवक्षार ले लें।

# वर्कलोड और आपका दिल: जानिए लंबे समय तक काम करना कैसे बढ़ाता है हार्ट अटैक का खतरा



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लंबे समय तक काम करना, लगातार डेस्क पर बैठे रहना, पर्याप्त नींद न लेना और लगातार बना रहने वाला स्ट्रेस हमारी दिनचर्या का हिस्सा बन चुके हैं। शुरुआती दौर में ये आदतें केवल शारीरिक थकान या सिरदर्द का कारण महसूस होती हैं, लेकिन लंबे समय तक यह लाइफस्टाइल हमारे दिल की सेहत पर गहरा और जानलेवा असर डालती है। जब व्यक्ति दिन में 9 से 10 घंटे लगातार एक ही जगह बैठकर काम करता है, तो शरीर का मेटाबॉलिज्म सुस्त पड़ जाता है। फिजिकल एक्टिविटी न होने के कारण धमनियों में फैट और कोलेस्ट्रॉल जमा होने लगता है। इससे ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है, जिससे आगे चलकर कोरोनरी आर्टरी डिजीज और हार्ट अटैक का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। लगातार तनाव और कम नींद इस स्थिति को और खतरनाक बना देते हैं। जब हम तनाव में होते हैं या रात में 7-8 घंटे की पूरी नींद नहीं लेते, तो हमारा शरीर कॉर्पोरेट स्ट्रेस हार्मोन 'कोर्टिसोल' और 'एड्रेनालाईन' का स्राव बढ़ाने लगता है। यह हार्मोन दिल की धड़कन और ब्लड वेसल्स पर दबाव डालते हैं, जिससे लगातार हाई ब्लड प्रेशर की समस्या पैदा होती है। हाई ब्लड प्रेशर को 'साइलेंट किलर' कहा जाता है क्योंकि बिना किसी बड़े लक्षण के यह धमनियों को अंदर से कमजोर कर देता है। ऐसे में डॉ. संजय कुमार, सीनियर डायरेक्टर कार्डियोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल फरीदाबाद बता रहे हैं कि क्यों लंबे वर्किंग आवर्स की वजह से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ता जा रहा है। सप्ताह में बहुत अधिक घंटे काम करने वाले लोगों में कार्डियोवैस्कुलर डिजीज का खतरा बढ़ता देखा गया है। WHO और ILO के एक रिसर्च के मुताबिक 55 घंटे या उससे अधिक प्रति सप्ताह काम करने वालों को, 35–40 घंटे की तुलना में, स्ट्रोक और इस्कीमिक हृदय रोग से मृत्यु के अधिक जोखिम से जोड़ा गया। इसका मतलब यह नहीं कि 55 घंटे पार करते ही बीमारी होगी, बल्कि लगातार वर्षों तक ऐसा रूटीन जोखिम को बढ़ा सकता है। काम का दबाव, डेडलाइन और पर्याप्त रिकवरी न मिलने से कोर्टिसोल और एड्रेनालाईन जैसे स्ट्रेस हार्मोन्स लंबे समय तक बढ़े रह सकते हैं। इससे हार्ट रेट और ब्लड प्रेशर बढ़ना, ब्लड वेसल्स की कार्यक्षमता प्रभावित होना और सूजन बढ़ना संभव है।

# तनाव और अनिद्रा से हैं परेशान; रोज 10 मिनट करें शवासन, मिलेगा गहरा सुकून



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में काम का प्रेशर और घंटों मोबाइल-लैपटॉप में व्यस्त रहने से शरीर और मन दोनों ही थक जाता है। ऐसे में योग एक अद्भुत और असरदार आसन है 'शवासन'। यह सिर्फ शरीर की सारी थकान को दूर कर, नई ऊर्जा भरने का सबसे अच्छा साधन है। यह एक विश्राम की मुद्रा है, जिसमें शरीर को बिल्कुल ढीला छोड़ दिया जाता है। 'शव' यानी मृत शरीर के समान लेटना। देखने में यह सबसे आसान मुद्रा लगती है, लेकिन असल में यह सबसे कठिन आसनों में से एक माना जाता है क्योंकि इस आसन को करने के दौरान शरीर को पूरी तरह ढीला छोड़कर मन को शांत करना आसान नहीं है। शवासन सिर्फ आराम करने का तरीका नहीं है बल्कि यह शरीर की सारी थकान को दूर कर, नई ऊर्जा भरने का सबसे अच्छा साधन है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने शवासन के लाभ के बारे में बताया है। उनके अनुसार, यह आसन तनाव और चिंता को करने में मदद करता है। नींद की गुणवत्ता को बेहतर बनाता है और अनिद्रा की समस्या को दूर करता है। साथ ही, यह ब्लड प्रेशर को नियंत्रित कर हृदय के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। शवासन मस्तिष्क को शांत कर एकाग्रता बढ़ाता है। इसके नियमित अभ्यास से मांसपेशियों में तनाव कम होता है और शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। यह योग का सबसे सरल लेकिन प्रभावी आसन माना जाता है, जो तनाव, चिंता और थकान को कम करता है। यह शरीर की कोशिकाओं और तंत्रिका तंत्र को गहरी विश्रांति देकर नई ऊर्जा प्रदान करता है। शवासन का नियमित अभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि मानसिक शांति और संतुलन भी प्रदान करता है। शवासन भले ही सरल आसन है लेकिन, एक्सपर्ट इसके अभ्यास में भी सावधानियां बरतने की भी सलाह देते हैं। शवासन के दौरान नींद में न जाएं, क्योंकि इसका उद्देश्य सचेतन विश्राम है। गर्भवती महिलाएं या कमर दर्द से पीड़ित लोग इसे करने से पहले विशेषज्ञ की सलाह लें। शवासन का पूरा लाभ लेने के लिए इसे सही तरीके से करना जरूरी है। इसके लिए शांत और हवादार स्थान पर पीठ के बल लेट जाएं।

# सिर्फ स्वाद नहीं, सेहत का आधार है आयुर्वेद आहार, आयुष मंत्रालय ने बताया महत्व

आज के समय में लोग अपने खान-पान को लेकर पहले से ज्यादा जागरूक हो रहे हैं। क्या खाना चाहिए, किस तरह का भोजन हमारी दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए और पारंपरिक खान-पान को किस नजरिए से देखा जाए, इन सवालों पर लोगों की दिलचस्पी बढ़ रही है। ऐसे में आयुर्वेद आहार की अवधारणा को समझना जरूरी हो जाता है। आयुष मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि आयुर्वेद आहार यानी ऐसा आहार, जिसकी अवधारणा आयुर्वेद के सिद्धांतों और पारंपरिक ज्ञान से जुड़ी है। इसे समझने के लिए केवल भोजन पर ध्यान देना काफी नहीं है। इसके साथ हमारी परंपरा और भोजन से जुड़े तथ्य मानकों को भी समझना जरूरी है। आयुर्वेद आहार के लिए एक निर्धारित नियामक व्यवस्था भी मौजूद है। खाद्य सुरक्षा और मानक (आयुर्वेद आहार) विनियम, 2022 के तहत आयुर्वेद आहार के लिए एक नियामक ढांचा तैयार किया गया है। इसमें श्रेणी ए की व्यवस्था भी शामिल है। इसका उद्देश्य आयुर्वेद आहार के उत्पादन और उससे जुड़ी जानकारी को एक व्यवस्थित और जिम्मेदार ढांचे में लाना है। आयुर्वेद आहार को आसान भाषा में समझने के लिए तीन बातें सबसे महत्वपूर्ण हैं- आहार, परंपरा और मानक। पहला है आहार। इसका सीधा मतलब है कि हम क्या खाते और पीते हैं। हमारे रोजमर्रा के भोजन में शामिल सभी चीजें हमारी आहार व्यवस्था का हिस्सा हैं। आयुर्वेद में भोजन को केवल भूख मिटाने का साधन नहीं माना जाता, बल्कि खान-पान और जीवनशैली को भी महत्वपूर्ण माना गया है।

# असली पनीर के नाम पर बेचा जा रहा एनालॉग पनीर, अब तेलंगाना में भी हुआ बैन

तेलंगाना सरकार ने आम जनता के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए राज्य में नॉन-डेयरी या एनालॉग पनीर पर 1 साल के लिए पूरी तरह से रोक लगा दी है। इस रोक के तहत, तेलंगाना में अब न तो एनालॉग पनीर बनाया जा सकेगा और न ही इसकी बिक्री की जा सकेगी। इतना ही नहीं, सरकार ने राज्य में एनालॉग पनीर के प्रोसेसिंग, स्टोरेज और डिस्ट्रीब्यूशन पर भी 1 साल के लिए रोक लगा दी है। तेलंगाना सरकार का ये आदेश तत्काल प्रभाव से लागू भी कर दिया गया है। तत्काल प्रभाव से लागू होने वाला ये आदेश आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचित कर दिया गया है। तेलंगाना खाद्य एवं आवश्यक औषधि मानक प्राधिकरण (TG SAFE) ने शुक्रवार को एक प्रेस रिलीज में कहा कि तेलंगाना के फूड सेफ्टी कमिश्नर ने लोगों के स्वास्थ्य के हित में पूरे राज्य में किसी भी रूप में नॉन-डेयरी, आर्टिफिशियल पनीर या एनालॉग पनीर पर बैन लगाने का आदेश जारी किया है। रिलीज के अनुसार, फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट, 2006 की धारा 30(2)(a) के तहत लगाया गया ये बैन गुरुवार, 10 सितंबर से शुरू होकर अगले एक साल तक लागू रहेगा।

# सर्दी-जुकाम जैसा दिखने वाला आरएसवी वायरस बच्चों के लिए खतरनाक, डब्ल्यूएचओ ने जारी की चेतावनी

सर्दी-जुकाम जैसा दिखने वाला आरएसवी (रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस) सिर्फ एक सामान्य मौसमी वायरस नहीं है। यह दुनियाभर में छोटे बच्चों के लिए गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन सकता है। हर साल आरएसवी की वजह से 36 लाख से ज्यादा बच्चों को अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ती है और करीब 1 लाख छोटे बच्चों की जान चली जाती है। इसलिए इसके बारे में सही जानकारी होना और समय पर सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि आरएसवी एक बहुत संक्रामक वायरस है। यह संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से निकलने वाली बूंदों के जरिए फैल सकता है। संक्रमित सतह को छूने और फिर आंख, नाक या मुंह को छूने से भी संक्रमण हो सकता है। यही वजह है कि घर, स्कूल, डे-केयर और भीड़भाड़ वाली जगहों पर छोटे बच्चों को इससे बचाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। हालांकि आरएसवी किसी भी उम्र के व्यक्ति को संक्रमित कर सकता है, लेकिन छोटे बच्चों, खासकर छह महीने से कम उम्र के शिशुओं में इसका असर ज्यादा गंभीर हो सकता है। समय से पहले जन्मे बच्चों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले बच्चों में भी गंभीर बीमारी का खतरा अधिक हो सकता है। कई बार शुरुआत में इसके लक्षण सामान्य सर्दी-जुकाम जैसे ही दिखाई देते हैं, इसलिए माता-पिता के लिए इन्हें पहचानना जरूरी है। बच्चे को नाक बहना, खांसी, छींक या हल्का बुखार हो सकता है, लेकिन अगर बच्चा सांस लेने में परेशानी महसूस कर रहा है। ठीक से दूध या खाना नहीं ले पा रहा है।

# SBI में 3 साल की FD पर कितना मिल रहा ब्याज, वरिष्ठ नागरिकों को क्या मिल रहे हैं फायदे

अगर आप बिना किसी खतरे के अपनी जमा पूंजी पर गारंटीड और सुरक्षित रिटर्न पाना चाहते हैं, तो फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) हमेशा से भारतीयों की पहली पसंद रहा है। देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (SBI), अपने ग्राहकों को एफडी पर बेहतरीन ब्याज दरें ऑफर कर रहा है। ग्राहकों की संख्या, ब्रांच नेटवर्क और मार्केट कैप के लिहाज से देश का सबसे भरोसेमंद बैंक एसबीआई अपने ग्राहकों को 7 दिनों से लेकर 10 साल तक की एफडी पर 3.05% से 7.15% तक का ब्याज दे रहा है। आइए जानते हैं कि अगर आप एसबीआई में 3 साल की अवधि के लिए एफडी (FD) कराते हैं, तो आपको कितना ब्याज मिलेगा और सीनियर सिटीजन्स के लिए इसमें क्या खास फायदे छिपाए गए हैं। एसबीआई में 3 साल की एफडी स्कीम पर आम नागरिकों से लेकर अति वरिष्ठ नागरिकों तक को अलग-अलग आकर्षक ब्याज दरें दी जा रही हैं। 3 करोड़ से कम की जमा राशि पर बैंक 3 साल की अवधि के लिए 6.30% से लेकर 6.90% तक का सालाना ब्याज दे रहा है। भारतीय स्टेट बैंक बुजुर्गों और पेंशनभोगियों को वित्तीय सुरक्षा देने के उद्देश्य से ज्यादा ब्याज का लाभ प्रदान करता है।

# सुबह के झटके से संभला शेयर बाजार, दिन के निचले स्तर से सेंसेक्स 600 अंक उछला



शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहा। क्रूड ऑयल की कीमतों में उछाल और वैश्विक तनाव के कारण सुबह के सत्र में बिकवाली के जबरदस्त झटके झेलने के बाद, भारतीय इक्विटी सूचकांक निचले स्तरों से शानदार रिकवरी करने में सफल रहे। दिन के सबसे निचले स्तर से सेंसेक्स में करीब 600 अंकों की जबरदस्त छलांग देखने को मिली। कारोबार के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) का सेंसेक्स 120.83 अंक (0.16%) की मामूली गिरावट के साथ 74,781.76 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) का निफ्टी 50 सूचकांक भी 79.70 अंक (0.34%) गिरकर 23,398.10 के करीब मजबूती से बंद होने में कामयाब रहा। बाजार में कुल 1,773 शेयर बढ़त के साथ, 2,373 शेयर गिरावट के साथ और 190 शेयर बिना बदलाव के बंद हुए। एचडीएफसी बैंक के शेयर में 2.08% की जोरदार तेजी रही और यह 708.25 पर बंद हुआ। इसके अलावा डॉ. रेड्डीज लेबोरेटरीज (+1.97%), टेक महिंद्रा (+1.00%), एचडीएफसी लाइफ (+0.73%), विप्रो (+0.66%) और कोटक बैंक (+0.59%) सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाले शेयरों में शामिल रहे। आईटीसी और इन्फोसिस भी हरे निशान में बंद हुए।

# FASTag का बैंक बदलना हुआ आसान, नितिन गडकरी ने शुरू की नई सुविधा

फास्टैग इस्तेमाल करने वाले वाहन मालिकों के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब अगर आप अपने फास्टैग का बैंक बदलना चाहते हैं, तो आपको पुराने फास्टैग को हटाकर नया टैग लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (GFF) 2026 में 'OneTag' नाम की नई सुविधा लॉन्च की है। इसकी मदद से वाहन मालिक अपना मौजूदा NETC फास्टैग बरकरार रखते हुए उसका बैंक बदल सकेंगे। वनटैग को इंडियन हाईवेज मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (IHMCL) और नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने मिलकर तैयार किया है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि बैंक बदलने के बाद भी वाहन पर लगा वही फास्टैग इस्तेमाल किया जा सकेगा। अभी तक अगर कोई ग्राहक अपने फास्टैग का बैंक बदलना चाहता था, तो उसे पुराना फास्टैग बंद कराना पड़ता था। इसके बाद नए बैंक के साथ दोबारा प्रक्रिया पूरी करके नया फास्टैग लेना पड़ता था। इस पूरी प्रक्रिया में समय और ज्यादा परेशानी होती थी। अब वनटैग इस प्रक्रिया को काफी आसान बना देगा। वनटैग की सुविधा फिलहाल एनएचएआई के राजमार्ग यात्रा मोबाइल ऐप के जरिए उपलब्ध होगी। ऐप पर फास्टैग पोर्टेबिलिटी की प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी। इसमें पहले ग्राहक की पात्रता की जांच होगी और फिर सुरक्षित तरीके से वैरिफिकेशन किया जाएगा। इसके बाद ग्राहक की सहमति लेने के बाद वह अपनी पसंद का नया बैंक चुन सकेगा। बैंक बदलने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद नए बैंक के साथ ऑनबोर्डिंग की जाएगी। खास बात यह है कि पोर्टेबिलिटी के बाद फास्टैग का Tag ID और वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर वही रहेगा। यानी वाहन पर लगा पुराना फास्टैग ही काम करता रहेगा। बैंक बदलने के दौरान पुराने बैंक की जिम्मेदारी पुराने वॉलेट से जुड़े मामलों को संभालने की होगी। इसमें वेरिफिकेशन, वॉलेट बैलेंस, रिफंड, पेंडिंग ट्रांजैक्शन और अन्य संबंधित मामलों का निपटारा शामिल है। वहीं, चुना गया नया बैंक पोर्टेबिलिटी पूरी होने के बाद ग्राहक की ऑनबोर्डिंग करेगा और फास्टैग से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध कराएगा। वनटैग से ग्राहकों को बैंक चुनने की ज्यादा आजादी मिलेगी। बार-बार नया फास्टैग बनवाने और उसे वाहन पर चिपकाने की जरूरत कम होगी। इससे फास्टैग की दोबारा प्रिंटिंग, भेजना और री-इश्योरेंस से जुड़े खर्च भी कम हो सकते हैं। नई सुविधा से फास्टैग उपयोगकर्ताओं के लिए बैंक बदलने की प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक सुविधाजनक होने की उम्मीद है।



## 25 सितंबर को शुरू करेंगे मुख्यमंत्री सुगम परिवहन बस सेवा

भोपाल/इंदौर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत होने जा रही है। जनसेवा का यह अभियान 17 अक्टूबर तक जारी रहेगा। इसी महीने 25 सितंबर को प्रदेशवासियों को मुख्यमंत्री सुगम परिवहन बस सेवा के शुभारंभ के साथ अनुपम सौगात मिलेगी। प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। मध्य प्रदेश में दशकों से बंद पड़ी राज्य परिवहन बस सेवा को आज एक संजीवनी मिली है। यह 20 साल में 360 डिग्री बदलाव का अवसर है। सुगम परिवहन बस सेवा यात्रियों, ऑपरेटरों, सरकार और नई तकनीक अपनाने वालों को लाभान्वित करेगी। देशभर में हाईस्पीड ट्रेन, लॉजिस्टिक कॉरिडोर, डेडीकेटेड इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, हाईस्पीड हाईवे का जाल बिछ रहा है। वर्तमान समय में मध्य प्रदेश सरकार भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए तेज गति से आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार हर परिस्थिति में साथ खड़ी है।' यह बात मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 11 सितंबर को इंदौर में कही। वे ब्रिलियंट कंवेंशन सेंटर में आयोजित दो दिवसीय "यात्री परिवहन विजन समिट 2026" को संबोधित कर रहे थे।

## 7 साल बाद भारत की धरती पर कदम रखेंगे जिनपिंग, PM मोदी के साथ मुलाकात पर पूरी दुनिया की नजर

नई दिल्ली। दिल्ली में आज से 18वें BRICS शिखर सम्मेलन की शुरुआत हो रही है। दो दिन चलने वाले इस सम्मेलन में दुनिया की नजर भारत पर रहेगी। भारत मंडपम में BRICS देशों के राष्ट्राध्यक्ष एक मंच पर दिखाई देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मौजूदगी इस बैठक को खास बना रही है। सम्मेलन में दुनिया की करीब आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले देशों के नेता कई अहम मुद्दों पर चर्चा करेंगे। BRICS समिट के दौरान आज एशिया की 2 बड़ी ताकतों भारत और चीन के नेताओं की मुलाकात भी होगी। शी जिनपिंग करीब 7 साल बाद भारत दौरे पर आ रहे हैं। दोपहर 12:35 बजे उनका विमान दिल्ली में लैंड करेगा। इसके बाद शाम 5:45 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग के बीच हाई प्रोफाइल द्विपक्षीय बैठक होगी। प्रधानमंत्री मोदी और शी जिनपिंग पिछले तीन साल में विदेशों में तीन बार मिल चुके हैं। कज़ान और तियानजिन की मुलाकातों के बाद दोनों नेताओं की यह लगातार तीसरे साल होने वाली बैठक है। हालांकि, भारत की धरती पर दोनों नेता करीब 7 साल बाद आमने-सामने होंगे। 2020 में गलवान में हुई हिंसक झड़प के बाद भारत और चीन के रिश्तों में काफी तनाव आया था। सीमा पर दोनों देशों की सेनाएं लंबे समय तक आमने-सामने रहीं। इसके अलावा व्यापार को लेकर भी दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा और भारत में चीनी सामान के विरोध की आवाजें उठीं। ऐसे में आज होने वाली मोदी-जिनपिंग मुलाकात को रिश्तों में जमी बर्फ पिघलाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। दोनों नेताओं के बीच बातचीत का मुख्य फोकस तनाव कम करने, भरोसा बहाल करने और भविष्य के रिश्तों की दिशा तय करने पर हो सकता है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि चीन और भारत दोनों नेताओं की द्विपक्षीय बातचीत के लिए तैयारियां कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कज़ान और तियानजिन के बाद यह लगातार



तीसरा साल है जब दोनों नेता मिल रहे हैं। चीन भारत के साथ मिलकर काम करने को तैयार है और दोनों देशों के बीच रिश्तों को रणनीतिक और लंबे समय के नजरिए से आगे बढ़ाना चाहता है। चीन का कहना है कि दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ना चाहिए, विवादों का उचित समाधान निकाला जाना चाहिए और आपसी संवाद मजबूत होना चाहिए। दोनों देश अच्छे पड़ोसी की तरह एक-दूसरे की सफलता में योगदान देने वाले साझेदार बनें, यही चीन की कोशिश है। सूत्रों के मुताबिक, मोदी-जिनपिंग बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। इनमें सैन्य और राजनयिक संवाद को मजबूत करना, भारतीय कंपनियों को चीन के बाजार में ज्यादा पहुंच देना और भारत के व्यापार घाटे को कम करना शामिल है।इसके अलावा भारतीय निर्यात बढ़ाने, मशीनरी और टेक्नोलॉजी की सप्लाई आसान करने, चीनी निवेश के लिए भरोसेमंद नियम बनाने और दोनों देशों के बीच वीजा, उड़ानों और आवाजाही को आसान करने पर भी बात हो सकती है। इसमें भारत करीब 131 अरब डॉलर का सामान चीन से आयात करता है, जबकि चीन को भारत का निर्यात करीब 20 अरब डॉलर है। भारत इस अंतर को कम करने की कोशिश करेगा।

## अस्पताल में इलाज के दौरान A-पॉजिटव महिला मरीज को B-पॉजिटव खून चढ़ाने का आरोप

पुरी। ओडिशा के पुरी जिला मुख्यालय अस्पताल से इलाज के दौरान कथित तौर पर लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। ल्यूकेमिया से पीड़ित एक महिला को गलत ब्लड ग्रुप का खून चढ़ाने का आरोप लगाया गया है। परिवार के अनुसार, महिला का ब्लड ग्रुप ए - पॉजिटिव है, लेकिन उसे कथित तौर पर बी-पॉजिटिव ब्लड चढ़ा दिया गया। आरोपों के मुताबिक, गलत ब्लड ग्रुप का खून चढ़ाए जाने के बाद महिला की तबीयत गंभीर रूप से बिगड़ने की बात सामने आई है। परिवार के मुताबिक, मरीज ने खून की उल्टी भी की। बाद में उसकी हालत को देखते हुए उसे पुरी जिला मुख्यालय अस्पताल से आगे के इलाज के लिए भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में शिफ्ट किया गया। इस घटना के बाद अस्पताल के ब्लड बैंक से लेकर ब्लड चढ़ाने की प्रक्रिया तक कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। परिवार ने सवाल उठाया है कि अगर मरीज का ब्लड ग्रुप ए-पॉजिटिव था, तो ब्लड बैंक से बी-पॉजिटिव खून कैसे जारी हुआ और ट्रांसफ्यूजन से पहले मरीज के ब्लड ग्रुप की दोबारा पुष्टि क्यों नहीं की गई। परिवार के अनुसार, मरीज प्रदर्शिनी प्रधान ल्यूकेमिया से पीड़ित हैं। उनका ब्लड काउंट लगातार कम हो रहा था और हीमोग्लोबिन का स्तर भी कम था। इसी वजह से परिवार उन्हें ब्लड चढ़ाने के लिए अस्पताल लेकर आया था। मरीज प्रदर्शिनी के बेटे मानस प्रधान ने बताया कि उनकी मां को 7 सितंबर को एक यूनिट ब्लड दिया गया था। उन्होंने बताया कि उनकी मां का ब्लड ग्रुप ए-पॉजिटिव है। इसके बाद 8 सितंबर और 9 सितंबर को भी उन्हें ब्लड दिया गया। लेकिन 11 सितंबर को ब्लड चढ़ाए जाने के दौरान परिवार के अनुसार उन्हें पता चला कि ब्लड बैंक की ओर से बी-पॉजिटिव ब्लड दिया गया है। जिस समय ब्लड चढ़ाया जा रहा था, उस समय वह खुद मानस मौजूद नहीं थे, लेकिन उनके पिता अस्पताल में थे। परिवार का आरोप है कि ब्लड बैंक की ओर से बी-पॉजिटिव ब्लड दिया गया, जबकि मरीज का ब्लड ग्रुप ए-पॉजिटिव है। जब परिवार ने अस्पताल में इस बारे में सवाल किया, तो कथित तौर पर उन्हें बताया गया कि यह अस्पताल की गलती नहीं, बल्कि ब्लड बैंक की गलती है। परिवार के अनुसार, इसके बाद मरीज की हालत गंभीर हो गई और उसने खून की उल्टी की। मानस प्रधान ने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल की ओर से परिवार को मरीज को दूसरी जगह ले जाने के लिए कहा गया, क्योंकि वहां मरीज के इलाज के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। मानस के अनुसार, परिवार ने इस मामले की जानकारी सीडीएमओ को भी दी। घटना को लेकर परिवार की शिकायत के बाद सीडीएमओ ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अब जांच के जरिए यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि मरीज को कथित तौर पर गलत ब्लड ग्रुप कैसे जारी हुआ और ब्लड चढ़ाने से पहले ब्लड ग्रुप का सत्यापन किस तरह किया गया।

## पेजेश्कियान के हाथों को PM मोदी ने इस तरह पकड़ा, BRICS की तस्वीर को देखकर ट्रंप को लगेगी मिर्ची!




नई दिल्ली में हुए ब्रिक्स (BRICS) बिज़नेस समिट में कई खास मोमेंट्स कैमरे में कैद हुए, लेकिन इनमें एक तस्वीर ऐसी है, जो ईरान और भारत के मजबूत रिश्ते को दर्शाती है। ब्रिक्स बिजनेस समिट के मंच पर भारत के प्रधानमंत्री और ईरान के राष्ट्रपति मसूज पेजेश्कियान की एक तस्वीर ने बंटी हुई दुनिया में भारत की कूटनीतिक स्थिति को दिखाया और साथ ही ईरान के साथ भारत के गहरे रिश्ते को भी दर्शाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन का हाथ जोर से थामे देखा गया, जबकि उनके साथ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा भी मौजूद थे। यह तस्वीर अपने समय की वजह से खास रही। एक तरफ जहां ईरान और अमेरिका की टकराव की वजह से ऊर्जा की सप्लाई और समुद्री व्यापार प्रभावित हुई है। तो वहीं यूक्रेन युद्ध की वजह से रूस पर पश्चिमी देशों ने कड़े प्रतिबंध लगा रखे हैं। भारत ने अमेरिका और अन्य पश्चिमी ताकतों के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी बनाए रखते हुए ईरान और रूस, दोनों देशों के साथ बातचीत के रास्ते खुले रखे हैं। पीएम मोदी और पेज़ेशकियन के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक में यह नज़रिया साफ़ दिखा। प्रधानमंत्री ने बातचीत और कूटनीति के ज़रिए पश्चिम एशिया में जारी तनाव और संघर्ष को खत्म करने का आह्वान किया।

## BRICS समिट के बीच दिल्ली में रविवार को कितने बजे से चलेगी मेट्रो? DMRC ने जारी किया टाइम टेबल



दुनियाभर के दिग्गजों के जमावड़े को लेकर दिल्ली में सुरक्षा सख्त है। 12 और 13 सितंबर को 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के सफल और सुरक्षित आयोजन के लिए देश की राजधानी नई दिल्ली को पूरी तरह से अभेद्य किले में तब्दील कर दिया गया है। गृह मंत्रालय और दूसरी केंद्रीय एजेंसियों की देखरेख में दिल्ली पुलिस ने 'ऑपरेशन ब्रिक्स कवच' लागू किया है। करीब 15 हजार पुलिसकर्मी और CAPF की 200 कंपनियां सुरक्षा में तैनात हैं। दिल्ली में सुरक्षा इतनी सख्त कर दी गई है कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता। इस बीच, DMRC ने भी अपना नया शेड्यूल जारी किया है। बता दें कि दिल्ली में ब्रिक्स समिट को देखते हुए यातायात प्रतिबंधों के बीच एग्जाम में बैठने वाले स्टूडेंट्स और यात्रियों की आवाजाही को आसान बनाने के लिए रविवार को सभी रास्तों पर मेट्रो ट्रेन की सेवा सुबह 6 बजे शुरू होगी। वैसे, सामान्यतः मजेंटा, पिंक और ग्रे लाइन पर रविवार को मेट्रो सेवाएं सुबह 7 बजे शुरू होती हैं। DMRC ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक पोस्ट में कहा, "ब्रिक्स समिट की वजह से यातायात प्रतिबंधों के बीच एग्जाम में बैठने वाले स्टूडेंट्स और आम जनता की सुचारू व समय पर आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए रविवार को सभी रास्तों पर मेट्रो ट्रेन सेवाएं सुबह 6 बजे शुरू होंगी।" गौरतलब है कि रविवार को मेट्रो सेवाएं जल्दी शुरू हो जाने से एग्जाम में शामिल होने वाले कैंडिडेट्स के साथ-साथ आम पब्लिक को सुगम और समयबद्ध तरीके से यात्रा करने में सहायता मिलेगी। इसमें कहा गया है कि ब्रिक्स समिट के दौरान दिल्ली के कुछ इलाकों में यातायात प्रतिबंधों के मद्देनजर छात्रों और अन्य यात्रियों को उसी के मुताबिक, अपने सफर की प्लानिंग करने की सलाह दी गई है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, VVIP इलाके में 500 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनमें फेस रिकग्निशन सिस्टम और गाड़ियों के नंबर प्लेट पहचानने वाले कैमरे भी शामिल हैं। इसके अलावा, दिल्ली में होटलों की सुरक्षा कई लेयर में हो रही है। चप्पे-चप्पे की निगरानी की जा रही है। एयरपोर्ट, होटल और भारत मंडपम के पास कई लेयर में सिक्योरिटी है। एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए गए हैं। VVIP काफिलों की GPS ट्रैकिंग भी की जा रही है।

## मदुरै में मीनाक्षी टेंपल के पास सेंट्रल थिएटर में लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड की टीम मौजूद

**मदुरै में मीनाक्षी अम्मन मंदिर के पास एक बंद पड़े सेंट्रल थिएटर में आग लग गई; दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं।**



मदुरै में मीनाक्षी अम्मन मंदिर के पास एक बंद पड़े सेंट्रल थिएटर में भीषण आग लग गई। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। शुक्रवार की शाम मीनाक्षी अम्मन मंदिर के वेस्ट टावर के पास बने एक थिएटर में आग लग गई। यह थिएटर कई दिनों से बंद था और बताया जा रहा है कि इसका इस्तेमाल बच्चों के खिलौने रखने के लिए गोदाम के तौर पर किया जा रहा था। आग लगने से भक्तों और आम लोगों में अफरातफरी मच गई, क्योंकि पास ही में मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर के होने वाले कुंभाभिषेकम के लिए 'यगशाला' की रस्में चल रही थीं। आग पर काबू पाने के लिए पांच से ज्यादा फायर स्टेशनों से दमकल की गाड़ियां और कर्मचारी मौके पर भेजे गए। स्थानीय रिपोर्ट्स के मुताबिक शुक्रवार की शाम को थिएटर परिसर में अचानक धुआं दिखाई दिया और अचानक आग भड़क उठी, जो तेजी से फैलती चली गई। इमारत के कुछ हिस्से से आग की लपटें निकलती दिखाई दीं। देखते ही देखते आग ने बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया और थिएटर के कई हिस्से आग लपटों में घिर गए और घना धुआं आसपास की गलियों में फैल गया, जिससे मंदिर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग की सूचना मिलते ही पांच से अधिक फायर स्टेशनों से दमकल की गाड़ियां और काफी संख्या में दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। फायर फाइटर्स घने धुएं और तेजी से फैलती लपटों से जूझते हुए आग पर काबू पाने की कोशिश करते रहे। आसपास की इमारतों में आग फैलने की आशंका से आग को बुझाने का प्रयास जारी रहा। फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। आग लगने का कोई सटीक कारण किसी की समझ में नहीं आ रहा है। शॉर्ट सर्किट का संदेह है और इसका पता आग बुझाने के बाद ही पता चल सकेगा। आग की सूचना के बाद मंदिर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन सतर्क हो गया। आसपास मौजूद लोगों और श्रद्धालुओं को सुरक्षित दूरी पर रखने के प्रयास किए गए, ताकि राहत एवं बचाव कार्य में किसी तरह की बाधा न आए।

आग की लपटों और धुएं के कारण कुछ समय के लिए इलाके में दहशत का माहौल बना रहा। दमकलकर्मियों ने अलग-अलग दिशाओं से पानी की बौछार कर आग को सीमित करने का प्रयास किया। बंद इमारत के भीतर रखे सामान के कारण आग बुझाने में चुनौती सामने आई। आसपास की दुकानों और अन्य इमारतों तक आग पहुंचने की आशंका को देखते हुए दमकल दल लगातार स्थिति पर नजर बनाए रहे। मंदिर के निकट कुंभाभिषेकम से संबंधित धार्मिक गतिविधियां चलने के कारण घटना को लेकर प्रशासन ने अतिरिक्त सावधानी बरती। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और दमकल विभाग के साथ समन्वय कर आग पर नियंत्रण की कार्रवाई आगे बढ़ाई। फिलहाल आग से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग पूरी तरह बुझने के बाद इमारत का निरीक्षण किया जाएगा और नुकसान का आकलन किया जाएगा। इसके साथ ही आग के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए संबंधित विभागों की ओर से जांच की जा सकती है।

## ईरान दादागिरी करने वालों के सामने नहीं झुकेगा, राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान की चेतावनी



ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन ने शुक्रवार को अमेरिका और इज़राइल को सीधे संदेश देते हुए कहा कि ईरान "दादागिरी" और "अहंकार" के आगे नहीं झुकेगा और अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए मजबूती से खड़ा रहेगा। यह बयान पश्चिम एशिया में तनाव अचानक बढ़ने के बीच आया है। अमेरिका और ईरान के बीच तनातनी जारी है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो का पीएम मोदी-पेजेश्कियान की मुलाकात पर जवाब आया है। उनसे एक सवाल पूछा गया था और इस सवाल के जवाब में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बुधवार को कहा कि उन्हें नहीं लगता कि भारत और ईरान के बीच किसी व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। इसके साथ ही उन्होंने दूसरे देशों को चेतावनी दी कि वे ईरान को अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने में मदद न करें। अमेरिकी हमलों के बाद ईरान ने दावा है कि उसने अमेरिका के दो जहाजों को डूबो दिया है और इसके साथ ही उसके आठ तेल टैंकरों को भी नष्ट कर दिया है। इससे पहले अमेरिकी सेना ने पांच ईरानी टैंकरों पर हमला कर उसे नष्ट कर दिया था और इस घटना में लाखों लीटर कच्चा तेल जल गया था। अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा बयान दिया।

## ईस्ट दिल्ली में सरेआम युवक की हत्या, मंडावली में चाकू से ताबड़तोड़ हमला, दो आरोपी पुलिस की गिरफ्त में




पूर्वी दिल्ली में सरेआम चाकू से हमला कर एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। मंडावली इलाके में 10 सितंबर की रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। जिसके बाद से इलाके में सनसनी मच गई है। मृतक की पहचान वंश के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस घटनास्थल की जांच के साथ हत्या के पीछे का कारण पता लगाने में जुटी है। अधिकारियों के मुताबिक, 10 सितंबर 2026, गुरुवार की रात करीब 8 बजे ईस्ट दिल्ली के मंडावली थाना क्षेत्र में वंश पर दो अज्ञात हमलावरों ने चाकू से हमला कर दिया।

हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात की सूचना मिलने के बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। वंश को इलाज के लिए मैक्स अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आरोपियों की पहचान के लिए इलाके में छानबीन की। दिल्ली पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को पकड़ लिया है।

फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। साथ ही घटनास्थल की जांच की जा रही है, ताकि हत्या से पहले और बाद में हुई घटनाओं की पूरी कड़ी को समझा जा सके। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस वारदात के पीछे वास्तविक वजह क्या थी। मामले में आगे की जांच जारी है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए मुद्रक ताराचन्द कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर - 302012 ( राजस्थान) से मुद्रित व प्लॉट नंबर - 12 सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12सी, झोटवाड़ा, जयपुर, राजस्थान - 331403( राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा) समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार I RNI No. - RJBIL/26/A5611 प्रबंध सम्पादक - गजेंद्र सिंह राठौड़, मो . 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in